


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 28 अप्रैल 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 90 | मूल्य - 5 रुपये









## महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे को एक महीने जेल की सजा..

मुंबई, (भाषा)।
महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले की एक अदालत ने वर्ष 2019 में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के एक अभियंता पर कीचड़ फेंकने के मामले में राज्य के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे को दोषी ठहराते हुए एक महीने कैद की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि कानून निर्माताओं को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। हालांकि, अदालत ने राणे की सजा निलंबित कर दी और उन्हें उच्च न्यायालय में अपील करने का समय दिया, जबकि इस मामले में 29 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के पुत्र नितेश राणे उन 30 लोगों में शामिल थे जिन पर दंगा, लोक सेवक को कार्य करने से रोकने के लिए हमला करने और आपराधिक साजिश रचने सहित अपराधों के आरोप लगाए गए थे।

# टीएमसी सांसद ने भाजपा पर हमला करने का आरोप लगाया, निर्वाचन आयोग ने मांगी रिपोर्ट

कोलकाता, (भाषा)।
***पश्चिम बंगाल के आरामबाग से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद मिताली बाग ने आरोप लगाया कि सोमवार को चुनाव प्रचार के अंतिम चरण के दौरान जब वह पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी की रैली में जा रही थीं, तब हुगली जिले के गोगहाट में भाजपा के गुंडों ने उनकी कार पर हमला कर दिया।***



भाजपा ने इस आरोप को खारिज करते हुए दावा किया कि बाग 'नाटक' कर रही हैं और वास्तव में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं ने ही भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि कथित घटना के संबंध में रिपोर्ट मांगी गई है और केंद्रीय बल घटनास्थल पर डेरा डाले हुए हैं। बाग ने फेसबुक लाइव के दौरान रोते हुए आरोप लगाया कि जब उनका वाहन भाजपा उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय के पास से गुजर रहा था तब उस पर हमला किया गया। उन्होंने दावा किया, जब मेरा वाहन भाजपा उम्मीदवार प्रशांत दिगर के चुनाव कार्यालय के पास से गुजर रहा था, तब भाजपा समर्थित बदमाशों ने हमारे वाहन पर पत्थर फेंके, जिससे उसका शीशा टूट गया। खुद को एक दलित महिला बताते हुए आरामबाग की सांसद ने कहा, मैं अभिषेक बनर्जी की सभा में जा रही थी, तभी भाजपा उम्मीदवार प्रशांत दिगर के कार्यालय के सामने लाठी लिए बैठे कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने रास्ता रोककर उनकी गाड़ी पर पथराव किया।

बाग ने बताया कि वह एमयूवी कार की आगे वाली सीट पर बैठी थीं और उनकी पार्टी के कुछ कार्यकर्ता पीछे बैठे थे। निर्वाचन आयोग से अपनी शिकायत पर कार्रवाई करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा, भाजपा महिलाओं की सुरक्षा की बड़ी-बड़ी बातें करती है, लेकिन देखिए वे एक महिला सांसद, बागड़ी समुदाय की दलित महिला के साथ कैसा बर्ताव करते हैं।

सीईओ मनोज अग्रवाल ने हाल ही में अपने दौरे के दौरान आरोप लगाया कि टीएमसी कार्यकर्ता इलाके में लोगों को आतंकित कर रहे हैं। लेकिन श्रीमान अग्रवाल, कृपया तथ्यों की जांच करें। कांच के बिखरे हुए टुकड़ों से खुद को घायल बताते हुए बाग ने कहा कि वह स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र गईं और वहां के चिकित्सा कर्मचारियों ने उन्हें व्हीलचेयर पर बिठाकर अंदर पहुंचाया।

टीएमसी ने उनका वीडियो अपने सोशल मीडिया पेज पर साझा करते हुए कहा, भाजपा के गुंडों द्वारा एक दलित महिला सांसद पर हमला फासीवादी पार्टी का असली चेहरा दिखाता है। नादिया जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा, ÷हमारी सांसद मिताली बाग, जो अनुसूचित जाति समुदाय से चुनी गई महिला प्रतिनिधि हैं, पर भाजपा के गुंडों और बदमाशों ने बेरहमी और कायरतापूर्ण हमला किया। उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की गई। कांच के टुकड़े उनके शरीर में घुस गए।




# बालाघाट जिले के कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के सूपखार रेंज में आज स्थापित किये जाएंगे जंगली जल भैंसे

## मुख्यमंती डॉ. मोहन यादव पहुंचेगे कान्हा के सुपखार, करेंगे जंगली जल भैंसो के पुनर्स्थापना की शुरुआत..





जगप्रेरणा बालाघाट।
***बालाघाट एवं मण्डला जिले के अंतर्गत आने वाले कान्हा टाइगर रिजर्व के सूपखार रेंज में करीब 45 वर्षो से विलुप्त जंगली भैंसा (एशियाई वाइल्ड बफैलो) एक बार फिर लौटने जा रहा है। इस ऐतिहासिक पहल की शुरुआत 28 अप्रैल को होगी, जब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव स्वयं सूपखार पहुंचकर असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से लाए गए 4 जंगली भैंसों को जंगल में छोड़ेंगे। इनमें 03 मादा एवं 01 नर जंगली भैसा है। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, अन्य गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी उपस्थित रहेंगें।***

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रेरणादायक नेतृत्व में और आसाम के मुख्यमंत्री श्री हेमंत विस्वा शरमा के सहयोग से मध्य प्रदेश वन विभाग की ओर से संरक्षण की दिशा में एक और ऐतिहासिक पहल की गई है, जिसमे प्रदेश में एक लुप्तप्राय प्रजाति (जंगली जल भैंसा) को उसके ऐतिहासिक क्षेत्र में पुनर्स्थापित करने की ऐतिहासिक संयुक्त पहल असम वन विभाग और मध्य प्रदेश वन विभाग द्वारा की गई है जिसमे आसाम के काजीरंगा बाघ अभ्यारण्य से कान्हा बाघ अभ्यारण्य में 50 एशियाई जंगली जल भैंस (बुबालस आर्नी) को पुनर्स्थापित किया जायेगा। इस संयुक्त पहल का उद्देश्य इस विशाल शाकाहारी जंगली प्रजाति को मध्य भारत में उनके ऐतिहासिक निवास क्षेत्र में पुनः स्थापित करना है, जहाँ वे एक सदी से अधिक समय से स्थानीय रूप से विलुप्त हो चुके हैं और उनके प्राकृतिक चरने के व्यवहार का लाभ उठाकर कान्हा घास के मैदानों में लंबी घास की प्रजातियों का प्रबंधन करना और जैव विविधता को बढ़ाना है।

काजीरंगा से 'संस्थापक आबादी' के तौर पर कुल 50 जानवरों को स्थानांतरित किया जाना है, और 8 जानवर मॉनसून से पहले वहाँ पहुँचने वाले हैं। अंतर-राज्यीय सहयोग के इस महतवपूर्ण अभियान के प्रथम चरण में 19 मार्च से 10 अप्रैल 2026 के बीच, काजीरंगा के मध्य और पूर्वी क्षेत्रों से 7 किशोर भैंसों को पकड़ा गया। तत्पश्चात क्वारंटाइन प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने के लिए, पकड़े गए जंगली जल भैंसों को 1 हेक्टेयर के विशेष बोमा (बाड़े) में रखा गया। इस क्वारंटाइन पीरियड के दौरान भैंसों के स्वास्थ्य की निगरानी परिक्षण किया गया साथ ही परिवहन वाहनों में स्थानांतरण के दौरान भैंसों के संभावित तनाव को कम करने का प्रयास किया गया।

क्वारंटाइन प्रोटोकॉल पूर्ण होने के पश्चात जंगली भैंसों का स्थानांतरण 25 अप्रैल 2026 को 4 जंगली भैंसों ने काजीरंगा से कान्हा टाइगर रिज़र्व तक की अपनी 2000 किलो मीटर की यात्रा शुरू की है। इनका स्थानातरण काजीरंगा और कान्हा, दोनों जगहों के वरिष्ठ अधिकारियों और अनुभवी पशु चिकित्सकों की देखरेख में किया जा रहा है, जो दिनांक 28 अप्रैल 2026 की कान्हा टाइगर रिज़र्व में पहुचेंगे। जिन्हें दिनांक 28 अप्रैल 2026 को मुख्यमंत्री, डॉ मोहन यादव द्वारा सूपखार, कान्हा टाइगर रिज़र्व में स्थित बाड़े में सॉफ्ट रिलीज़ किया जाएगा। यह स्थानीय रूप से विलुप्त हो चुकी यह प्रजाति उनके ऐतिहासिक क्षेत्र (कान्हा) में जैव विविधता को बढ़ावा देगा और कान्हा टाइगर रिज़र्व में घास के मैदानों वाले पारिस्थितिकी तंत्र के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उल्लेखनीय है कि कान्हा के सूपखार क्षेत्र में जंगली भैंसों को आखिरी बार वर्ष 1979 के आसपास देखा गया था, जिसके बाद यह प्रजाति यहां से पूरी तरह विलुप्त हो गई। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, बीमारियों, शिकार, आवास में कमी और मानव दबाव जैसे कारणों से इनकी संख्या लगातार घटती गई और अंततः इनका अस्तित्व समाप्त हो गया। अब वन विभाग द्वारा जंगली भैंसा पुनर्स्थापना परियोजना के तहत इस प्रजाति को फिर से बसाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए काजीरंगा से चयनित भैंसों को लाकर सूपखार रेंज में अनुकूल वातावरण में छोड़ा जा रहा है। यह पहल न केवल जैव विविधता संरक्षण के लिहाज से महत्वपूर्ण है, बल्कि कान्हा के पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत करने की दिशा में भी एक बड़ा कदम माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि कान्हा की घासभूमि, जल स्रोत और सुरक्षित वन क्षेत्र जंगली भैंसों के लिए अत्यंत उपयुक्त हैं। ऐसे में यदि यह परियोजना सफल रहती है, तो आने वाले वर्षों में यहां जंगली भैंसों की स्थायी आबादी विकसित हो सकती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के इस दौरे को वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे प्रदेश में विलुप्त हो चुकी प्रजातियों को पुनर्जीवित करने की संभावनाओं को नई गति मिलेगी।







**जनता सहकारी बैंक लि., गोंदिया**
लांजी रोड, आमगांव, जि. गोंदिया - 441 902

**बैंक के सभासदों एवं ग्राहकों हेतु सुचना**

सम्माननिय सभासद, ग्राहक तथा हितचिंतकों को सुचित किया जाता है की जनता सहकारी बैंक लिमी. गोंदिया शाखा आमगांव कार्यालय का स्थानांतरण बैंक के मालकियत के भवन में निम्न पते पर शनिवार दिनांक 2 मई 2026 से किया जायेगा। कृपया नोंद करें।

नया पता : जनता सहकारी बैंक लिमी. गोंदिया, शाखा आमगांव
लांजी रोड़, आमगांव, जि. गोंदिया – 441 902 (महा.)

गोंदिया
28 अप्रैल 2026

विरेन्द्र गोस्वामी
प्रभारी शाखा व्यवस्थापक
जनता सहकारी बैंक लिमी. गोंदिया, शाखा आमगांव



दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# कुएं के अंदर मिला बाघ का शव, करंट लगने से हुई मौत





**जगप्रेरणा सिवनी।**

बीते दिवस 26.04.2026 को वन विभाग को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चारगांव, तहसील सिवनी, जिला सिवनी में कृषक शब्दर खान के खेत में स्थित एक कुएं के अंदर एक वन्य प्राणी बाघ का शव पाया गया है। मौका स्थल सिवनी परिक्षेत्र के ऐरपा वृत्त अंतर्गत ऐरपा बीट के कक्ष क्रमांक-08 से लगभग 6-7 कि.मी. की दूरी पर राजस्व क्षेत्र में है।

सूचना प्राप्त होते ही वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया तथा वन अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया गया। प्रारंभिक जांच में प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि बाघ का शिकार विद्युत करंट **(Electrocution)** के माध्यम से किया गया है तथा शव को कुएं में डाला गया है।

घटना स्थल पर **National Tiger Conservation Authority (NTCA)** के प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक कार्यवाही की गई। श्वान दल की सहायता से आसपास के क्षेत्र का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात मृत बाघ के शव को कुएं से निकालकर पुनः श्वान दल के माध्यम से पुनः क्षेत्र का अवलोकन कर मृत बाघ के शव को सुरक्षित रखा गया। घटना स्थल से लगभग 50 मीटर दूरी के भीतर विद्युत करेंट के साक्ष्य प्राप्त हुये हैं तथा जले हुये तार, जली हुई खूँटी, विद्युत सामग्री तथा अन्य साक्ष्य जप्त किये गये हैं तथा अग्रिम विवेचना जारी है।

## बोले यूगेश कुमार पटेल..

उपवनमण्डल अधिकारी सिवनी, दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल ने बताया कि 27.04.2026 को **NTCA** के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार बाघ के शव का परीक्षण (पोस्टमार्टम) किया गया, जिसमें विद्युत करंट से शिकार होने की पुष्टि हुई। परीक्षण उपरांत निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार शवदाह की कार्यवाही संपन्न की गई। वन संरक्षक सिवनी, सुश्री संध्या तथा वनमण्डलाधिकारी सिवनी, महेंद्र सिंह उईके के मार्गदर्शन में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही वन विभाग द्वारा की जा रही है। वन विभाग द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि इस घटना से संबंधित कोई भी जानकारी उपलब्ध होने पर तत्काल विभाग को दूरभाष नंबर 9424794105, 9424794109, 9685574902, 9669665669 पर सूचित करें। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार घटना के संबंध में कोई भी जानकारी या साक्ष्य उपलब्ध कराये जाने पर राशि रूपये 10,000/- (दस हजार) का पारितोषक निर्धारित किया गया है। साक्ष्य उपलब्ध कराने वाले की पहचान गुप्त रखी जावेगी।

# अंधी लूट का लखनवाड़ा पुलिस ने किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

## लूट की रकम सहित 01 मो.सा. व 03 मोबाईल फोन जप्त..



**जगप्रेरणा लखनवाडा।**

दिनांक 18.04.2026 को प्रार्थी शिवकुमार पिता खुमानसिंग वर्मा उम्र 42 वर्ष निवासी ललितपुर (बाना) थाना लखनवाडा द्वारा रिपोर्ट लेख कराया गया कि दिनांक 17.04.2026 को चौरई मंडी से गेंडू बेचने के 1,40.000/- रूपये पिता खुमान सिंग वर्मा के साथ वापस ग्राम ललितपुर द्वाना आते समय रात करीबन 9:30 बजे ग्राम कोहका के आगे एक मोटर सायकिल में बैठे अज्ञात व्यक्तियों के व्दारा अचानक पीछे से आकर संडा से हमला कर, मारपीट कर बरा धमकाकर गेहूं की ब्रिकी के 1.40.000/- रूपये लूटकर भाग गये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना लखनवाड़ा में अपoфo 173/2020 घारा 300(6),3(5) वीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रिवनी सचिन परते के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी लखनवाड़ा द्वारा थाना लखनवाडा के अप.60 173/2026 धारा 309(6) 3(5) बीएनएस के अज्ञात आरोपियों की तलाश पतासाजी हेतु तत्काल टीमें गठित की गई थी। गठित टीमों द्वारा अप.क्रं. 173/2026 को अज्ञात आरोपियों की तलाश पतासाजी हेतु प्रारंभिक घटनास्थल से लेकर अंतिम घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। तकनीकी सामयों के आधा पर लूट की घटना में अज्ञात तदिग्ध तीन व्यक्तियों की उपस्थिति प्रतीत होने पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। दिनांक 25.04.2026 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की थाना लखनवाडा क्षेत्रांतर्गत घटित लूट के संदिग्ध आरोपी चौरई बायपास के आसपास पुनः घटना कारित करने की नीयत से घूम रहे है। सूचना तस्दीक हेतु तत्काल उप निरी. कोमल टोप्पो हमराह स्टाफ के चौरई बायपास पहुंची एवं थाना चौरई के स्टाफ सउनि संजय ठाकुर एवं प्र.आर. 687 कन्हैया सनोडिया की मदद से संदिग्ध आरोपियों की घेराबंदी कर पकडा गया। पकडे गये संदिग्ध तीनों व्यक्तियों से उनका नाम पत्ता पूछने पर अपना अपना नाम गलत बताकर घबराने लगे जिन्हें हमराह स्टाफ के थाना लखनवाड़ा लाया गया तथा तीनों के पृथक-पृथक मनोवैज्ञानिक तरीके से हिकमत अमली से पूछताछ करने तीनों आरोपियों द्वारा दिनांक 17 04.2026 को प्रार्थी शिवकुमार वर्मा निवासी ललितपुर (बाना) थाना लखनवाड़ा को मोटर सायकिल रोककर मारपीट कर गेहू बिकी के 140.000/-रूपये लूट कर ले जाने की बात स्वीकार किये है। आरोपीगणों से घटना में प्रयुक्त एक मोटर सायकिल, तीन मोबाईल फोन एवं घटना में लूटी गई राशि में से 01 लाख 22 हजार रूपये तीनों आरोपीगणों से पृथक-पृथक बरामद की गई। आरोपियों को दिनांक 25.04.26 को गिरफ्तार किया गया है जिन्हें माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। **नाम आरोपी-** संदीप पिता रामकृष्ण बघेल उम्र 30 साल निवासी जैतपुरकला थाना लखनवाडा। पूर्व आपराधिक रिकार्ड जुआ एव मारपीट के प्रकरण दर्ज है एवं थाना बण्डोल में हत्या तथा थाना। कोतवाली में हत्या का प्रयास का प्रकरण पंजीबद्ध है। अभय उर्फ गब्बर पिता मगलू चकवर्ती उम्र 19 साल निवासी खमरिया थाना लखनवाडा। पूर्व आपराधिक रिकार्ड मारपीट का 01 प्रकरण पंजीबद्ध है। रोहित जर्फ विक्की पिता सूरज चकवती जम्र 23 साल निवासी मोहगाव बाना लखनवाडा। पूर्व आपराधिक रिकार्ड चोरी के प्रयास के 02 प्रकरण पंजीबद्ध है। **जप्त मशरुका-** लूट की राशि 122,000 रूपये, घटना में प्रयुक्त मी.सा.क) कीमती 12000 रूपये, 03 नग मोबाईल कीमती 25000 रूपये कुल जप्त मशरूका कीमती 1.59,000 रूपये (एक लाख नरात हजार रूपये)।

## सराहनीय कार्य..

उप निरी कोमल टोप्पो, सउनिः योगेन्द्र सिंह ठाकुर सउनि हरिओम भारद्वाज, प्र. आर. आत्माराम सिमोनिया, प्र.आर. ललित मरकाम, आर. शिवदीप वाकुर, आर. मनोज सूर्यशी आर. ललित पाल, आर. गगन डेहरिया, आर. सोनू ककोडिया आया, मिथिलेश पराडकर, आर. हामिद आन आर. वीरेन्द्र बोहले, आर. अभिषेक डेहरिया, सैनिक राजेश पूर्व सैनिक कृष्ण कुमार कौशल एवं थाना चौरई का स्टाफ सउनि. संजय ठाकुर एवं प्र.आर. कन्हैया सनोडिया तथा सायबर सेल सिवनी की टीम।

# कान्हीवाड़ा में पेयजल संकटः मीडिया में खबर चलते ही हरकत में आए अधिकारी..



**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

ग्राम पंचायत कान्हीवाड़ा में लंबे समय से चल रहे पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों द्वारा बार-बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यहां तक कि केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह द्वारा लिखित पत्र दिए जाने के बावजूद भी प्रशासनिक स्तर पर उदासीनता बनी रही।

स्थिति तब और गंभीर हो गई जब गांव के नल चालक ने पानी सप्लाई करने से मना कर दिया, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मजबूर होकर ग्रामीणों ने अपनी समस्या को प्रिंट मीडिया के माध्यम से उठाया। मीडिया में खबर प्रसारित होते ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पी एच ई ) के अधिकारी हरकत में आए। अगले ही दिन अधिकारी कान्हीवाड़ा पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने नए बोरवेल के लिए स्थान का निरीक्षण किया और जल्द ही बोरिंग मशीन भेजकर कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते उनकी शिकायतों पर ध्यान दिया जाता, तो उन्हें इस तरह की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता। फिलहाल प्रशासन की सक्रियता से लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे.. हसीब मोहम्मद 7898530101

# चमक विहीन' गेहूं पर हंगामा, 3 घंटे चक्काजाम के बाद झुका प्रशासन



**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले के कान्हीवाड़ा में वेयरहाउस प्रबंधन द्वारा 49 किसानों का गेहूं 'चमक विहीन' बताकर रिजेक्ट करने पर विवाद खड़ा हो गया। आक्रोशित किसानों ने सिवनी-मंडला मार्ग पर करीब 3 घंटे तक चक्काजाम रखा, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मामले की गंभीरता देखते हुए एसडीएम, तहसीलदार और खाद्य विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। किसानों के कड़े विरोध के बाद प्रशासन ने लिखित आश्वासन दिया कि उनका गेहूं खरीदा जाएगा, जिसके बाद जाम खत्म हुआ।

# गेहूं उपार्जन नीति के विरोध में होगा मध्य प्रदेश में जन आंदोलन : शोभाराम भलावी



**जगप्रेरणा छपारा।**

***मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चमक विहीन गेहूं खरीदने से इनकार पर शोभाराम भलावी प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा मध्य प्रदेश में प्रदेशव्यापी किसान आंदोलन किया जायेगा।***

मध्य प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण बारिश की वजह से किसानों की गेहूं सरकार खरीदने से इनकार कर रही है चमक विहीन और लस्टर के नाम पर खरीदी गई गेहूं ट्रको से खरीदी केंद्रो पर वापस की जा रही है जिला प्रशासन ठोस कदम उठाए किसानों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और खरीदी केंदो पर किसान 10 ,15 दिनो से गेहूं बेचने के लिए मजबूर परेशान हो रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष शोभाराम भलावी द्वारा बताया गया कि सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है और किसानों में जान आक्रोश पैदा कर रही है समय पर किसानों की गेहूं तुलाई नहीं हुई तो राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के बैनर तले प्रदेश व्यापी चक्र जाम एवं सभी खरीदी केंद्रो पर धरना प्रदर्शन होगा जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी आने वाली 3-4 तारीख को मध्य प्रदेश सरकार कि गलत नीति के विरोध में विधानसभा घेराव करने जा रहे हैं किसी प्रकार की घटना होती है तो सरकार स्वयं जिम्मेदार होगी।

महामंत्री धन सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि विगत 4 ,5 दिनों से ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत कराया गया है। किंतु शासन - प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है आने वाले दिनों में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के वेनर पर जन आक्रोश आंदोलन होगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# धनौरा के में भीषण आग, छप्पर जलकर खाक..





**जगप्रेरणा धनौरा।**

बीती रात करीब 10:00 से 11:00 बजे के बीच मस्जिद मोहल्ले में स्थित स्वर्गीय नसीम खान के मकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने से मकान का छप्पर पूरी तरह जलकर खाक हो गया, साथ ही घर में रखी घरेलू सामग्री भी जल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें काफी ऊंचाई तक उठ रही थीं, जिससे पूरे मोहल्ले में अफरा तफरी और दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की तत्परता और सूझबूझ से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। मोहल्ले के लोगों के अनुसार इस घटना के संबंध में नसीम खान के पुत्र नतीम खान पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि वह उस समय नशे की हालत में था और उसी के द्वारा आग लगने की बात सामने आई है। हालांकि इस संबंध में अंतिम पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना की सूचना पुलिस एवं बिजली विभाग को दे दी गई है। स्थानीय लोगों ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों आग बुझाने में उप सरपंच अतुल जैन, पंच मनोज बकौड़े, मल्लू जैन, नूरू खान, सतीश बकौडे, पुनीत जैन सहित अन्य मोहल्लेवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

## बखारी एवं बंडोल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मंशारूप, संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला प्रभारी सोहन वाल्मीकि की अनुशंसा से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा सिवनी विधानसभा के बखारी एवं बंडोल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश परते एवं संजय बघेल द्वारा प्रस्तावित ब्लॉक कार्यकारिणी के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकरियों की नियुक्ति की गई है।

बखारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष उत्तम साहू बेरढ़ाना, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती शिवकली परते बेरढ़ाना(बंदरिया), सुरेन्द्र सिंह ठाकुर बकौड़ा सिवनी, जियनलाल कुंजाम सागर, जय गजभिये समनापुर, ब्लॉक कांग्रेस महासचिव मानक इड़पाचे बंदरिया, केशलाल वर्मा घोघरी, अब्दुल गनी बकौडी, नारायण कुमरे बरसला, अब्दुल सगीर बखारी, श्रीमती मीनाक्षी उइके लकवाह, ब्लॉक कांग्रेस सचिव संदीप सिसोदिया गंगाढ़ाना, गोविंद उइके खैरनरा, राजेश उइके खैरीजीवन, आकाश सनोडिया लामटा, राजेन्द्र उइके औरिया रैयत, शिवकुमार इरपाचे निवारी, गंगाराम उइके बेरढ़ाना, श्रीमती जानकी डेहरिया बीजादेवरी, ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) महफूज अंसारी बखारी, ब्लॉक सोशल मीडिया में आशीष इनवाती ग्राम समनापुर की नियुक्ति की गई है।

इसी तरह बंडोल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष संतोष ठाकुर बांकी, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक राय कलारबांकी, हरिओम जंघेला दुकली, राजेश पाण्डे गरठिया, ब्लॉक कांग्रेस महासचिव विजय बघेल कुकलाह, राहुल राय पोंडी, बलराम यादव बंडोल, चन्द्रभानसिंह जंघेला दुकली, दशरथ जंघेला बंधा श्रीमती वर्षा डेहरिया राहीवाड़ा, ब्लॉक कांग्रेस सचिव सतीष बघेल बंडोल, रविन्द्र काकोडिया बीसापुर, अन्नू बघेल बंडोल, धर्मेन्द्र जंघेला बिहिरिया, नरेन्द्र बंजारा जुरतरा, झनकलाल धुर्वे मेहलोन, श्रीमती सावित्री विश्वकर्मा थांवरी, तुलाराम डेहरिया थांवरी, ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) रहमत खान थांवरी, ब्लॉक सोशल मीडिया में सतीष जंघेला बांकी का समावेश किया गया है।

# धँसौर पुलिस द्वारा अंधी हत्या का 24 घंटे के अंदर खुलासा

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***दिनांक 26/04/2026 की रात्रि 3.00 बजे ग्राम बरौदा तिराह रास्ता जाम कर कार खड़ी करके शराब पी रहे युवको के व्दारा शादी समारोह से लौट रहे बैंड बाजा दल के सदस्य वाहन चालक गोधन यादव, हल्के वंशकार और संजू वंशकार***

और उसके अन्य साथियो ने रास्ते से कार हटाने की बात को लेकर कार पर बैठे शराब पी रहे युवको ने बैड बाजा दल के सदस्यो को अश्लील गालीच करते हुये लाठी, डंडा और चाकू से जान लेवा हामला किये जिससे गंभीर रूप से घायल गोधन यादव की मृत्यु हो गई संजू वंशकार और हल्के वंशकार गंभीर रूप से घायल होने से अस्पताल में भर्ती है। घटना कारित करने के बाद सभी आरोपी रात मे ही अंधेले का फायदा उठा कर फरार हो गये। इस सनसनी खेज अंधी हत्या के अज्ञात आरोपीयो की धरपकड हेतु पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता ने तत्काल प्रभाव से तीन टीमे गठीत की एंव उचित निर्देश दिये गये जो उक्त टीमो को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुनिभागीय अधिकारी पुलिस अपुर्व भलावी के मार्ग दर्शन मे उक्त टीम ने सायबर तकनिकी सीसीटीव्ही कैमरे, टोल टेक्स नाका चैकिंग मुखबिर तंत्र के माध्यम से 24 घंटे के अंदर आरोपीयो को पकडने मे महत्वपूर्ण सफलता हासिल किये है।

दिनांक 26/ 04/2026 की दरम्यानी रात्रि सफेद रंग की आर्टिगा कार क्रमांक **MP 20 ZM 7434** पर जबलपुर के नीलेश पटेल और निशांत राजपूत उर्फ चिन्टू अपने दोस्त राहुल नेमा से मिलने के लिये देर रात्रि आये हुये थे। राहुल नेमा ने अपने साथी साहिल शर्मा और नर्मदा यादव से उनका परिचय कराया और फिर ये पाँचो लोग गाँव के बाहर तिराहे पर ही बीच रोड मे गाडी खडी करके शराब पी रहे थे तभी रात्रि करीब 3.00 बजे बैंड बाजा पार्टी के वाहन चालक गोधन यादव जो बरौदा में अपने किसी सगे संबंधी के पास वाहन लेकर जा रहा था। जिसकी गाडी रास्ते से निकल नहीं पा रही थी तो उसने और उसके साथियो ने आर्टिगा कार पर शराब पी रहे लोगो को रास्ते से कार हटाने के लिये बोला दोनो पक्षो मे वाद विवाद होने लगा दोनो एक दूसरे को गाडी हटाने के लिये बोलने लगे तभी राहुल नेमा ने फोन करके अपने पिता को बुलाया जो राहुल का पिता विनोद नेमा और मनोज नेमा बरौदा तिराह पहुंचे तभी दोनो पक्षो मे अचानक विवाद बढ़ा और निशांत राजपूत उर्फ चिन्टू, नीलेश पटेल दोनो निवासी जबलुपर और राहुल नेमा ने चाकू से और साहिल शर्मा, नर्मदा यादव, विनोद नेमा और मनोज नेमा ने लाठी डंडा से बैंड बाजा पार्टी वाहन के चालक गोधन यादव के साथ मारपीट कर हत्या की है। गंभीर रूप से घायल हल्के वंशकार और संजू वंशकार इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती है आरोपीयो ने घटना वारदात को अंजाम देकर जबलपुर भाग गये थे जिन्हे जबलपुर एवं बरीदा में दबिश देकर थाना घंसौर के अपराध 124/2026 घारा 126(2), 296(बी), 118(1), 351(1), 109(1), 103(1),3(5) बी एन एस के मामले में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपीयो से घटना मे प्रयुक्त डंडा, खून अलूदा चाकू, खून अलूदा कपडे जप्त किया गया है।

## गिरफ्तार आरोपी..

राहुल पिता विनोद नेमा उम्र 26 साल निवासी ग्राम बरीदा, नर्मदा पिता महेश यादव उम्र 22 साल निवासी। ग्राम पिपरटोल, साहिल पिता राजकुमार शर्मा उम्र 22 साल निवासी ग्राम बरौदा, विनोद पिता गोपाल प्रसाद नेमा उम्र 58 साल निवासी ग्राम बरौदा, मनोज पिता केशव प्रसाद नेमा उम्र 41 साल निवासी ग्राम बरीदा। **फरार आरोपी**-निशांत राजपूत उर्फ चिन्दु, नीलेश पटेल।

## विशेष भूमिका..


थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण सिह झारिया, प्रआर मनीराम चन्द्रवंशी, आर गोपाल यादव, आर लक्ष्मण उईके, आर शैलेन्द्र गुर्दे, आर विनित साहू, आर शिवपाल नवरेती।


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

# बालाघाट नगर पालिका की हंगामेदार बैठक में पेश किया गया 3 अरब 35 करोड़ का बजट..

## परिषद के विशेष सम्मेलन में 9 प्रस्ताव हुए सर्वसम्मति से पारित..

## वार्ड नं. 07 और 12 की शराब भट्टियों के भवनों की होगी जांच - बोली नपा अध्यक्ष भारती सुरजीत ठाकुर



जगप्रेरणा बालाघाट।
***नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा वित्तीय वर्ष 2026.27 में विकास कार्यों पर खर्च किये जाने 3 अरब 3 करोड़ 56 लाख 52 हजार 420 रूपये का बजट 27 अप्रैल को नपा सभाकक्ष में आयोजित विशेष सम्मेलन में प्रस्तुत***

किया गया। इस बजट से अनुमानित 51 लाख 71 हजार 312 रूपये की अनुमानित बचत होगी। साथ ही 9 प्रस्ताव परिषद में रखे गये जिनपर विस्तृत चर्चा की गई और सर्वसम्मति से इन प्रस्तावों को पारित किया गया है। परिषद की बैठक में सांसद प्रतिनिधिए नगर के 33 वार्डो के पार्षदए मनोनित पार्षदए सीएमओ एवं विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।

### शासकीय भवनों पर सेवा प्रभार, खेल प्रतिभाओं को निखारने दी जायेगी राशि

बजट बैठक की शुरूआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर हुई। जहां प्रस्तुत किये गये बजट पर परिषद सदस्यों ने विचार रखें। इसमें आय.व्यय के साथ ही विभिन्न मदों से नगर विकास की राशि खर्च किये जाने का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। प्रस्ताव की कड़ी में शासकीय भवनोंए कार्यालयए सम्पत्ति पर सेवा प्रभार अधिरोपित किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई जिसमें परिषद सदस्यों ने इनकी संख्या पूछी और सीएमओ बीडी कतरोलिया ने उत्तर देते हुए शासकीय नियमों के तहत सेवा प्रभार की वसूली किये जाने में तेजी लाये जाने की बात कही।

म्युनिसिपल स्कूल महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने शॉपिंग काम्पलेक्स निर्माण कार्य हेतु ई निविदा में न्यूनतम निविदाकार मेसर्स शारदा कंस्ट्रक्शन की न्येनतम निविदा दर 12.36 कम की स्वीकृति एवं वित्तीय स्वीकृति के लिये प्रस्ताव रखा गया। वहीं नेहरू स्पोर्टिंग क्लब बालाघाट द्वारा ग्रीष्मकालीन हॉकी शिविरए कोचिंग कैम्प एवं राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट के ओजन के लिये 5 लाख रूपये की मांग की गई थी जिसे सभी परिषद सदस्यों ने खिलाडियों के हित में बताते हुए इसे मंजूरी दी।

### 3 वर्षो से नहीं बढ़ा था सम्पत्ति कर अब हुई बढ़ोत्तरी..

परिषद की बैठक में भटेरा चौकी रेलवे क्रासिंग पर बन रहे आरओबी को लेकर पाईप लाईन शिफ्टिंग कार्य के लिये निविदाकार से चर्चा कर इस कार्य को समय पर पूर्ण कराने के लिये प्रस्ताव रखा गया था जिसपर पार्षद योगराज कारो लिल्हारे ने नई निविदा आमंत्रण की बजाये वर्तमान निविदाकार से ही कराने का सुझाव दिया क्योंकि इसमें काफी विलंब होगा। जिस पर नपाध्यक्ष ने निविदाकार से चर्चा कर हल निकालने का भरोसा दिलाया। प्रस्ताव में नगर पालिका सीमांतर्गत वार्ड क्र. 1 से 33 के लिये भवनों एवं भूमियों के कर योग्य सम्पत्ति के मूल्य निर्धारण को लेकर मध्यप्रदेश राजपत्र नियमानुसार वार्षिक भाड़ा मूल्य निर्धारण किया गया है। जानकारी देते हुए राजस्व सभापति वकील वाधवा ने कहा कि 3 वर्षो से सम्पत्ति करों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई थी किंतु अब दरों में आवासीय 4 प्रतिशत 80 पैसे एवं व्यसायिक में 5 प्रतिशत 1 रूपये वृद्धि के लिये परिषद के पटल पर प्रस्ताव रखा गया है, जिसे भी परिषद सदस्यों की सहमति मिली।

### नारी शक्ति वंदन बिल में विपक्ष के विरोध पर निंदा प्रस्ताव..

परिषद की बैठक में दो प्रस्ताव ऐसे रहे जिनका नारी सम्मान से खासा जुड़ाव रहा, इनमें नारी शक्ति महिला वंदन अधिनियम एवं शराब दुकानों के विस्थापन एवं संचालन के पूर्व अनापत्ति प्रमाण पत्र नपा द्वारा दिये जाने का उल्लेख था। महिला आरक्षण को लेकर नपाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने तथा बराबरी का दर्जा देने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा यह बिल सदन में लाया गया था लेकिन इसका पास ना होना विपक्षी दलों की सोच को उजागर करता है क्योंकि केवल महिलाएं राजनीति ही नहीं बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी काम कर रही है और उन्हें आरक्षण मिलेगा तो मजबूत होने का अवसर होगा। नपाध्यक्ष ने कहा कि बिल का विरोध करके विपक्ष की क्या मंशा थी यह सबके सामने है इसलिए हम विपक्ष के इस कोशिश को निंदा प्रस्ताव मानकर अपनी परिषद में इसे पारित कर रहे है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को लेकर सभापति योगिता विनय बोपचे एवं पार्षद रैना सुराना ने विस्तृत बातें रखी जिसमें योगिता बोपचे ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारी भाजपा सरकार ने हमें 50 प्रतिशत आरक्षण दिया है इसलिए हम इस परिषद में है जो भी निर्णय विपक्ष की वजह से हुआ है उसकी कड़ी निंदा करते है। रैना सुराना ने कहा कि यह विशेष बिल था कांग्रेस अपने आप को महिला हितैषी बताती है तो इससे उनकी महिलाओं की भागीदारी के प्रति सोच उजागर होती है।

### वार्ड क्र. 7 एवं 12 के शराब दुकानों के भवनों की होगी जांच..

परिषद में शराब दुकानों को लेकर प्रस्ताव लाकर बताया गया कि नगरीय सीमा में शराब दुकान संचालन करने से पूर्व संबंधित विभागए निविदाकार द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाये। इसपर विस्तृत चर्चा की गई और परिषद को नपाध्यक्ष ने बताया कि इसके पूर्व भी परिषद ने शहर के वार्ड ऋण् 02ए 10ए 12ए 24 से शराब दुकानों को हटाने प्रस्ताव लाया था जिसमें से वार्ड ऋण् 2 एवं 24 से शराब दुकान अन्यत्र स्थापित की गई है। वार्ड ऋण्12 में महिलाएं शराब दुकान हटाने धरने पर बैठी है। नपाध्यक्ष ने बताया कि वार्ड ऋण्7 एवं 12 जहां शराब दुकान का संचालन हो रहा है वह भवन जीर्ण.शीर्ण है जांच में यह सामने आया है। उपयंत्री इसकी जांच करेंगे और प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे अगर कहीं लगता है कि इससे जनहानि हो सकती है तो इसपर कार्यवाही की जायेगी। अन्यत्र शिफ्ट किये जाने को लेकर कलेक्टर से चर्चा हुई है उन्होंने विस्थापन के लिये जगह का सुझाव देने कहा है उसके बाद ही कार्यवाही की जा सकती है। वहीं किसी भी सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों पर कठोर कार्रवाई करने पुलिस अधीक्षक से चर्चा कर कहा जायेगा।

### लापरवाही बरतने पर उपयंत्रियों पर होगी कार्यवाही..

परिषद की बैठक में चर्चा के दौरान सत्ता एवं विपक्ष के पार्षदों ने नाराजगी जताई कि निर्माण कार्यो को लेकर उपयंत्री उनका कहना नहीं सुनते है टीएस के लिये देरी होती है और वित्तीय स्वीकृति भी अटकी रहती है। इस पर नपाध्यक्ष ने इसे गंभीरता से लेते हुए निर्देशित किया कि सीएमओ द्वारा निगरानी बरती जायेगी और उपयंत्री समय.समय पर निर्माण कार्यो का निरीक्षण करेंगे तथा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। अगर वे कार्य में लापरवाही करते है तो सीएमओ द्वारा वेतन काटने या फिर संबंधित उपयंत्री के निलंबन की कार्यवाही भी की जा सकती है। बैठक में स्वच्छताए शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर भी चर्चा की गई। साथ ही जलप्रदाय में प्रेशर की समस्या को लेकर मोटर पंप जब्ती की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश भी संबंधित विभाग एवं कर्मचारियों को दिये जिससे कि नपा द्वारा घर.घर तक पेयजल पहुंचाया जा सके। बैठक में सांसद प्रतिनिधि सुशील वर्माए नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुरए उपाध्यक्ष योगेश बिसेनए सभापतिए पक्ष.विपक्ष के पार्षदगण तथा मनोनित पार्षदों की उपस्थिति रही।

# 1 मई को भोपाल में पत्रकार प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर होगा बड़ा आंदोलन

## जिला अध्यक्ष इंद्रजीत भोज ने अन्य साथियों से आंदोलन में शामिल होने की अपील



जगप्रेरणा बालाघाट।
***अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई को मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के बैनर तले राजधानी भोपाल में प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन और रैली का आयोजन किया जाएगा। इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य पत्रकार प्रोटेक्शन एक्ट***

लागू कराने सहित पत्रकारों से जुड़ी विभिन्न मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखना है। जिलाध्यक्ष इंद्रजीत भोज ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में यह आंदोलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश भर से हजारों पत्रकारों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र भोपाल का न्यू मार्केट क्षेत्र रहेगा, जहां पत्रकार एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने बताया कि बालाघाट जिले से भी सभी तहसीलों और ब्लॉकों से बड़ी संख्या में पत्रकार साथी इस आंदोलन में भाग लेने के लिए भोपाल रवाना होंगे। इसके लिए जिला स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और पत्रकारों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि लंबे समय से पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। ऐसे में यह आंदोलन पत्रकारों के अधिकारों और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। पत्रकारों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# बालाघाट के केन्द्रिय विद्यालय के छात्र अर्णव अरुण तुमसरे का युविका 2026 में चयन..

## इसरो में प्रशिक्षण प्राप्त कर अंतरिक्ष अनुसंधान के सीखेंगे हुनर..



जगप्रेरणा बालाघाट।
***विज्ञान और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में बालाघाट जिले के लिए गर्व का एक और सुनहरा अध्याय जुड़ गया है। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट के कक्षा 10 वीं के मेधावी छात्र अर्णव अरुण तुमसरे का चयन***

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम 'युविका-2026' में हुआ है। यह उपलब्धि न केवल अर्णव और विद्यालय, बल्कि पूरे जिले और प्रदेश के लिए सम्मान का विषय है।

देशभर में एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में इस वर्ष कुल 456 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिनमें मध्य प्रदेश राज्य से केवल 13 छात्र शामिल हैं। इन चुनिंदा विद्यार्थियों में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट के प्रतिभाशाली छात्र अर्णव का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। खास बात यह भी है कि केंद्रीय विद्यालय संगठन, जबलपुर संभाग से केवल एक ही छात्र चयनित हुआ है, और वह अर्णव अरुण तुमसरे हैं। यह उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण को दर्शाती है। गौरतलब है कि युविका कार्यक्रम में चयन के लिए कई स्तरों पर कठिन मानदंड निर्धारित होते हैं, जिनमें शैक्षणिक उत्कृष्टता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में रुचि के आधार पर अर्णव ने इन सभी मानकों पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, कड़ी मेहनत और विज्ञान शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन से सफलता प्राप्त की। उनकी विज्ञान के प्रति जिज्ञासु प्रवृत्ति और सीखने की लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अर्णव को इसरो द्वारा 12 दिनों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान उन्हें इसरो की प्रमुख वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं का भ्रमण करने, अंतरिक्ष अनुसंधान, रॉकेट प्रक्षेपण, उपग्रह प्रक्षेपण आदि की बारीकियों को समझने और आधुनिक तकनीकों को करीब से देखने का अवसर मिलेगा। इतना ही नहीं, उन्हें देश के शीर्ष वैज्ञानिकों के साथ संवाद करने और उनसे सीधे सीखने का अनमोल अवसर भी प्राप्त होगा, जो उनके भविष्य को नई दिशा देगा। अर्णव की इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य श्री अरुण कुमार तुमसरे, विज्ञान विभाग के शिक्षकों और समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि अर्णव की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उन्हें भी बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। अर्णव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, प्राचार्य और पूरे विद्यालय परिवार को देते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन ने उन्हें यहाँ तक पहुंचने में समर्थ बनाया।

# बालाघाट में कृषि कानूनों के विरोध में दुकानें बंद कर रैली प्रदर्शन के साथ खाद-बीज व्यापारियों ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन..



जगप्रेरणा बालाघाट।
***कृषि आदान विक्रेता संघ, जिला बालाघाट के आह्वान पर सोमवार को जिलेभर के खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक बंद रखा।***






इस दौरान व्यापारियों ने कृषि कानूनों के विरोध में अपनी आवाज बुलंद करते हुए प्रशासन के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार तक अपनी मांगें पहुंचाने के लिए ज्ञापन सौंपा। संघ पदाधिकारियों के अनुसार और मीडिया प्रभारी रवि सुलाखे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आंदोलन एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन नई दिल्ली के समर्थन में किया गया। संगठन का कहना है कि लंबे समय से खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं को कई व्यावसायिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन लगातार मांग उठाने के बावजूद समाधान नहीं हो पाया है।

व्यापारियों ने ज्ञापन में मांग की कि उर्वरक कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अन्य गैर जरूरी उत्पादों की जबरन लिंकिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। उनका कहना है कि इससे व्यापारियों को अनावश्यक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। साथ ही खाद की आपूर्ति सीधे विक्रय केंद्र तक सुनिश्चित करने और परिवहन खर्च कम करने की मांग भी रखी गई। संघ ने बढ़ती लागत को देखते हुए डीलर मार्जिन बढ़ाकर न्यूनतम 8 प्रतिशत किए जाने की मांग की। इसके अलावा साठी पोर्टल में ग्रामीण व्यापारियों को राहत देने तथा एचटीबीटी बीज नीति में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। अवैध बीज बिक्री पर रोक लगाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। व्यापारियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर बालाघाट, एसडीएम बालाघाट एवं पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन सौंपा। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

# विश्व मलेरिया दिवस पर बालाघाट में चलाया गया जागरूकता अभियान..

## 22 प्रभावित सेक्टरों में विशेष गतिविधियाँ आयोजित..



जगप्रेरणा बालाघाट।
***विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले में मलेरिया उन्मूलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनीषा जुनेजा के निर्देशन में जिले के सभी विकासखंडों में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।***

इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम ÷मलेरिया समाप्ति के लिए संकल्पित अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा÷ रही। इसी क्रम में जिला मुख्यालय बालाघाट में शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मलेरिया की रोकथाम एवं उन्मूलन के लिए सामूहिक संकल्प लिया। महिला एवं बाल विकास, शिक्षा तथा पंचायत विभाग के सहयोग से जिलेभर में जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस दौरान बैनर, पोस्टर और पाम्पलेट के माध्यम से मलेरिया से बचाव, रोकथाम और समय पर उपचार संबंधी जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनीषा जुनेजा के मार्गदर्शन में मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में विशेष बैठकों का आयोजन किया गया। जिले के 10 विकासखंडों के कुल 22 प्रभावित सेक्टरों बैहर, बिरसा, परसवाड़ा, लामता, लांजी, किरनापुर, लालबर्रा, कटंगी, खैरलांजी एवं रामपायली में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों को मलेरिया नियंत्रण एवं रोकथाम के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मच्छरों से बचाव, स्वच्छता बनाए रखने, मच्छरदानियों के उपयोग तथा बुखार होने पर तत्काल जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। जिले में आयोजित इन गतिविधियों ने मलेरिया उन्मूलन के प्रति सामुदायिक सहभागिता को और अधिक सशक्त बनाया।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935

# हट्टा विद्युत मंडल की पहल, झूलते तारों से संभावित दुर्घटनाओं पर लगा विराम..

## पाथरी-सिवनीकला मार्ग व नहर क्रॉसिंग पर लगाए गए नए पोल, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र में संभावित दुर्घटनाओं को रोकने एवं विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए लगातार सुधार कार्य किए जा रहे हैं। हट्टा विद्युत मंडल के अंतर्गत आने वाले समस्त गांव के ऐसे स्थानों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा रहा है,***

जहां झूलते तार भविष्य में गंभीर हादसों का कारण बन सकते थे। विभाग द्वारा इस दिशा में अभियान चलाकर जोखिम वाले स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है अभी तक लगभग 20 स्थान से अधिक जगह पर पोलो का कार्य किया जा चुका है ।

इसी क्रम में पाथरीङ्कसिवनीकला के व्यस्ततम मार्ग एवं पाथरी नहर क्रॉसिंग पर लंबे समय से विद्युत तार नीचे झूल रहे थे। यह मार्ग रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीणों, राहगीरों एवं वाहन चालकों द्वारा उपयोग किया जाता है, जिससे यहां दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई थी। स्थानीय लोगों द्वारा भी इस समस्या को कई बार उठाया गया था, जिसके बाद विभागीय अमले ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और तत्काल सुधार कार्य शुरू किया। विभाग द्वारा यहां नए विद्युत पोल स्थापित किए गए, जिससे झूलते तारों की ऊंचाई लगभग दोगुनी कर दी गई है। इस सुधार के बाद अब भारी वाहनों का आवागमन भी सुरक्षित रूप से संभव हो गया है और क्षेत्र में दुर्घटनाओं की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। इस कार्य से न केवल आमजन को राहत मिली है, बल्कि विद्युत व्यवस्था भी अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित हो गई है।

स्थानीय ग्रामीणों ने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। खासकर नहर क्रॉसिंग जैसे संवेदनशील स्थान पर यह कार्य बेहद आवश्यक था, जो अब पूर्ण हो चुका है।

यह कार्य अधीक्षण अभियंता अमित कुमार एवं कार्यपालन अभियंता रवि कुम्हरें के मार्गदर्शन में किया गया। हट्टा क्षेत्र के कनिष्ठ अभियंता बिरजू उइके अपनी टीम के साथ लगातार फील्ड में सक्रिय रहते हुए ऐसे जोखिम वाले स्थानों की पहचान कर त्वरित सुधार कार्य करवा रहे हैं। विभागीय अमले द्वारा नियमित निरीक्षण भी किया जा रहा है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या खतरे की स्थिति उत्पन्न न हो।

अधिकारियों के अनुसार विद्युत विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि क्षेत्र के सभी संभावित दुर्घटना स्थलों की समय-समय पर जांच कर आवश्यक सुधार कार्य किए जाएं। साथ ही आमजन से भी अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की विद्युत संबंधी समस्या या खतरे की जानकारी तुरंत विभाग को दें, ताकि समय रहते उसका निराकरण किया जा सके।

# भारत की सांस्कृतिक एकता के जनक आचार्य शंकरचार्य जी की जयंती में व्याख्यान माला का आयोजन..





संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***शंकराचार्य जी की जयंती के उपलक्ष में आज व्याख्यान माला का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैहर द्वारा शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर सभगार में किया गया कार्यक्रम के आयोजन***

की रूपरेखा विकासखंड समन्वयक महेश पटले द्वारा रखी गई जिसमें बताया गया कि शंकराचार्य जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम संपूर्ण मध्यप्रदेश में हो रहे हैं आचार्य शंकर ने भारत भ्रमण करके भारत की एकता अखंडता और संस्कृति को नई पहचान देकर भारत में धर्म की स्थापना की थी इन्ही विचारों के प्रचार प्रसार हेतु व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि श्री तीरथ प्रसाद दिवेदी ने कहा कि हमारी मध्यप्रदेश शासन समाज शासन और संतों के साथ मिलकर ओम्कारेश्वर में जो कि आचार्य शंकर की तपस्थली है में 108 फीट ऊंची प्रतिमा ओमकारेश्वर में लगाई गई है उसमें हम सबका महत्वपूर्ण योगदान है हम जन अभियान परिषद के माध्यम से जन जागरूकता के कार्यक्रम चलाकर के अद्वैत वेदांत के सिद्धांतों पर चलने वाले कार्य को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रमों के माध्यम से जन जन तक ऐसे विचार पहुँचाता है। इस अवसर पर व्याख्यानमाला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री निरंजन शर्मा द्वारा शंकराचार्य जी के भारत भ्रमण के दौरान देशभर में दिए गए धर्म ज्ञान एवं समाज मे सामाजिक विचारों को जन जन तक पहुँचाने का कार्य किया है। एवं परिवर्तन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमारी पीढ़ी मोबाइल के प्रति अधिक आकर्षित हो रही है धर्म ओर इतिहास को भूलते जा रहे है हमारी पहचान हमारा धर्म है इसे भूलेंगे तो हम अपने आप को भी भूल जाएंगे इसको हमें आगे ले जाना है ज्ञान की गंगा को जिस प्रकार शंकराचार्य जी ने पूरे विश्व भर में फैलाया है उसी प्रकार हम हमारी संस्कृति और धर्म को लगातार जन जन तक पहुंचाने के लिए जन अभियान परिषद के माध्यम से आगे बढ़ते हुए शंकर के विचारों को नीचे तक ले जाने का प्रयास करते रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों द्वारा भी आदि गुरु पर विचार व्यक्त किये गए कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे जिसमे प्रमुख रूप से जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री राजीव परते नवांकुर संस्था के राजेन्द्र बिसेन परामर्शदाता श्री शिवनाथ यादव सुरेश यादव कुन्दन मेरावी आकांक्षा तेकाम संगीत मार्को एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्यकर्ता उपस्थित रहे इसके अलावा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की गरिमामय उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन ज्योति कुर्वेति सभी समाज सेवी छात्र संदीप गजभिये अभय यादव मोनिका ठाकरे, विमल भावे, साक्षी दुबे, गोमती मरकाम संदीप बिसेन शिवानी शिवहरे अर्पिता यादव अंजली, वाशनी तांडे एवं आभार विकासखंड समन्वयक महेश पटले द्वारा किया गया।

# परसवाड़ा में युवक पर जानलेवा हमला, 15-20 लोगों ने की बेरहमी से मारपीट, बाइक भी ले गए आरोपी..





जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***थाना क्षेत्र के ग्राम चन्दना में रविवार रात एक युवक पर सामूहिक हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। घायल युवक सुनील ग्वाले ने खून से लथपथ हालत में थाना परसवाड़ा पहुंचकर पूरी घटना की***

शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चन्दना निवासी सुनील ग्वाले रविवार रात करीब 9 बजे गांव के चौराहे से मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान बीच सड़क पर उसकी मोटरसाइकिल अचानक बंद हो गई।

वह सड़क किनारे खड़े होकर किक मारकर वाहन चालू करने की कोशिश कर रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक चारपहिया वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। पीड़ित ने बताया कि जब उसने वाहन चालक से टक्कर को लेकर सवाल किया, तो कार में सवार 15 से 20 लोग अचानक नीचे उतर आए और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उसे लात-घूंसों से पीटा और किसी ठोस वस्तु से उसके सिर पर वार किया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही खून बहने लगा। घटना के दौरान खुद को बचाने की कोशिश में युवक ने भी आरोपियों की कार के कांच तोड़ दिए। इसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए और जाते-जाते उसकी मोटरसाइकिल भी अपने साथ ले गए। घायल अवस्था में युवक ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी और इसके बाद स्वयं थाना परसवाड़ा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

सुनील ने पुलिस को बताया कि आरोपियों की कार महाराष्ट्र नंबर (रूा 40 ष्ठश्व 5465) की थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ग्राम उड़दना निवासी राकेश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ग्राम चन्दना के चौराहे पर अवैध रूप से शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं, जहां खुलेआम शराब बिक्री की जा रही है। बताया जा रहा है कि रविवार रात सिहोरा से बारात में शामिल कुछ लोग दो कारों में सवार होकर यहां पहुंचे थे। उन्होंने पहले चौराहे पर स्थित शराब दुकान से शराब खरीदी और उसके बाद उड़दना की ओर रवाना हो रहे थे, तभी यह विवाद हुआ। ग्रामीणों ने अवैध शराब बिक्री पर प्रशासन की अनदेखी पर सवाल उठाए हैं और कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के कारण आए दिन विवाद और झगड़े की घटनाएं बढ़ रही हैं। फिलहाल परसवाड़ा पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा और घटना में शामिल अन्य लोगों की भी भूमिका की जांच की जा रही है।

# गौ सम्मान अभियान हेतु उकवा में भी सौंपा ज्ञापन, गौ माता को मिले राष्ट्र माता का दर्जा..




संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***सम्पूर्ण भारत वर्ष में गौ संरक्षण एवं गौवंश के सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान हेतु आज जनांदोलन के रूप में भारत देश के 5400 तहसीलों में एक साथ लाखों की संख्या में गौ भक्तों ने देश***

के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा, इसी तारतम्य में उकवा में भी स्थानीय बस स्टैंड में सैकड़ों युवा जमा हुए और रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंच कर सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा,यह अभियान किसी संघटन का नहीं अपितु सम्पूर्ण देश के लाखों गौभक्तों सामाजिक संगठनों एवं समस्त देश वाशियो का है, इस ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना, संपूर्ण देश में गौ हत्या पर प्रति बंद लगाने हेतु ठोस एवं कठोर कानून बनाना,गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना, आदि अनेक मांगो का उल्लेख ज्ञापन में किया गया, जिस हेतु पहला चरण आज ज्ञापन के रूप में हुआ इसके पश्चात यह एक जनांदोलन के रूप में देश भर में अनेक आयोजन किए जाएंगे,गौ भक्तों ने बताया कि गौ वंश संरक्षण हेतु यदि समय रहते कोई ठोस नियम नहीं बनाए गए तो स्थिति ओर अधिक गंभीर हो सकती है, आज इस अभियान में उकवा के युवाओं ने बड़े गरम जोशी के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और इस अभियान को मजबूती प्रदान किया, आज उकवा में सौंपे गए इस ज्ञापन में उकवा गौ सम्मान प्रभारी मनोज अग्रवाल एवं सह प्रभारी जेम्स बारीक के साथ दिनेश बोपचे, एल सी करंडे, संतोष सोनी, निसार पांडे, समीर शर्मा, जय शंकर यादव, रंजित अग्रवाल, नितिन कुमार, विशाल, लाला अग्रवाल, लोकेश बरपेटिया, समर पांडे, चुनेश, गगन, सचिन, सौरभ, दीपक बघेल, अंशु, प्रेम कोरी, गौरव, आकाश गौनेकर, शौर्य, उज्वल, शिशिर शर्मा, आशीष नाग, गोपेश हिरवानी, आदि सैकड़ों की संख्या में स्थानीय युवा उपस्थित थे।

# आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन, विद्यार्थियों को दी गई भारतीय संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा..







जगप्रेरणा परसवाड़ा।

आदि गुरु शंकराचार्य जयंती के अवसर पर जिला समन्वयक सुशील बर्मन के मार्गदर्शन में रविवार, 26 अप्रैल को रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय परसवाड़ा मे व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आदि गुरु शंकराचार्य एवं माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद मंचासीन मुख्य अतिथियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि टहेलसिंह पटले द्वारा स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने बताया कि जन अभियान परिषद द्वारा व्याख्यानमाला के माध्यम से देश के महापुरुषों, विचारकों एवं विभूतियों की जयंती मनाकर उनके जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान किया जाता है।

मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक श्री अमूले ने अपने संबोधन में आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन एवं उनके द्वारा प्रतिपादित ÷वसुधैव कुटुंबकम÷ के सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए परोपकार, गौ संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की बात कही।

सी.एम.सी.एल.डी.पी विद्यार्थी अंजनी उईके ने शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन एवं उनके द्वारा स्थापित चार मठों की जानकारी दी। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता प्रणिता साकरे ने भारत के गौरवशाली इतिहास, सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण पर बल दिया।

सी.एम.सी.एल.डी.पी परामर्शदाता श्रीमती योगेश्वरी राहंगडाले ने बताया कि शंकराचार्य जी को भगवान शिव का अवतार माना जाता है और उन्होंने कम आयु में ही अद्वितीय ज्ञान प्राप्त कर समाज को नई दिशा दी। मुख्य अतिथि श्री चौधरी ने कहा कि महापुरुष किसी एक धर्म या समाज तक सीमित नहीं होते, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश समरत ने विद्यार्थियों से अपील की कि ऐसे कार्यक्रमों से प्राप्त ज्ञान को अपने प्रयोगशाला ग्रामों में प्रचारित कर जनजागरूकता बढ़ाएं।

कार्यक्रम में सी.एम.सी.एल.डी.पी परामर्शदाता दिनेश वरकड़े, शोहेंद्र पचतिलक, इंदर लाल धुर्वे, तिम्मेश्वरी शरणागत, सामाजिक कार्यकर्ता विजय हिर्वाने, सीमा, संध्या बारेकर, अंजनी उईके, अतुल, तृप्ति अभिनन्या, लोकेश, अंकित, नितेश, यारेंद्र, सागर, अरंडिया, उपसरपंच जगदीश सोनेकर सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बिरसा में गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



जगप्रेरणा बिरसा।

***सोमवार को बिरसा क्षेत्र में गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग को लेकर हिंदू समाज एकजुट होकर तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सोपा यहां ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति महोदय प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम सोपा गया है।***

गौ माता के संरक्षण और सम्मान के समर्थन में नारे लगाए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि गौ माता भारतीय संस्कृति परंपरा और आस्था का प्रतीक है इसलिए उसे राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाना चाहिए ग्रामीणों का कहना है कि गौ वंश न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि कृषि पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का भी आधार है इसलिए इस राष्ट्र की धरोहर घोषित कर संरक्षण हेतु ठोस नीति बनाई जाना चाहिए सरकार से मांग की गौ माता को सम्मान दिलाने के लिए ठोस नीति बनाई जाए तथा राष्ट्र माता का दर्जा देने की दिशा में आवश्यक निर्णय लिया जाए ज्ञापन के समय में उपस्थित कार्यकर्ता श्री महेश वरलानी दीपक शरणागत संदीप जायसवाल प्रकाश डहरवाल संजय यादव मौसम प्रजापति अमित शरणागत जानकी प्रसाद चौधरी विष्णु लाल पारधी गेंद लाल पारधी दयालाल शिरसागर ये सब उपस्थित रहे।










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


## ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं द्वारा की गई पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की अपील..





**जगप्रेरणा कटंगी।**

***तपती गर्मी में जहां इंसान राहत के उपाय खोज रहा है, वहीं मूक पशु-पक्षी प्यास और भूख से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गठित ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर***

संस्थाओं द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखने के साथ-साथ जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड कटंगी के ग्रामों एवं नगरों में समितियों के माध्यम से यह पुनीत कार्य निरंतर किया जा रहा है, ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को पेयजल उपलब्ध हो सके और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक किया जा सके।

कटंगी नगर में नगर विकास प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर अभ्युदय सामाजिक विकास संस्था तथा सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय विश्राम गृह परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में पेड़ों पर पानी के सकोरे बांधे गए।

इस अवसर पर आयोजित बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई और जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया।

### जन-अपील: मूक जीवों के लिए बनें सहारा..

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रवासियों से भावपूर्ण अपील की कि वे अपने घरों, दुकानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पशु-पक्षियों के लिए पानी के सकोरे एवं दाना अवश्य रखें। छोटी-सी पहल भीषण गर्मी में असंख्य मूक जीवों के जीवन को बचा सकती है। यह न केवल दया और संवेदनशीलता का परिचायक है, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

### यह रहे उपस्थित..

इस कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत, व्याख्याता लाल बहादुर राहंगडाले, अभ्युदय सामाजिक विकास संस्था के अध्यक्ष संदीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, सोनू राहंगडाले, अरविंद दरवाडे (परामर्शदाता), शैलेंद्र वाघमारे (नगर विकास समिति अध्यक्ष), स्वाति हनवत (सचिव), कमलेश बघेल, नेमचंद मानकर, शिवम कोकोड़े, डॉ. दिशा देशपांडे, सुनैना कुंभरे, उर्वशी पटले, दीपक शरणागत, अंकित गोस्वामी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मोहबट्टा में रात्रिकालीन चौपाल लगाकर कलेक्टर श्री मीना ने सुनी ग्रामीणों की समस्या और दिए समाधान के निर्देश..








**जगप्रेरणा बैहर।**

***जिले के बैहर विकासखंड अंतर्गत ग्राम मोहबट्टा में 27 अप्रैल को कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने रात्रिकालीन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।***

चौपाल में अपर कलेक्टर श्री डी.पी. बर्मन, बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता, परसवाड़ा एसडीएम श्री श्रीश प्यासी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

रात्रिकालीन चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और मांगों को खुलकर अधिकारियों के सामने रखा। इस दौरान कई आवेदन भी प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर श्री मीना ने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिन समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर संभव है, उनका शीघ्र निराकरण किया जाएगा, जबकि अन्य मामलों को शासन स्तर पर भेजकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### शिक्षा और जनगणना पर भी दिया जोर

कलेक्टर श्री मीना ने ग्रामीणों से कहा कि गांव के 6 वर्ष से अधिक आयु के सभी बच्चों का नाम स्कूल में दर्ज कराया जाए, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। साथ ही आगामी जनगणना-2027 के तहत 30 अप्रैल तक एंड्रॉयड मोबाइल के माध्यम से स्व-गणना करने की भी सलाह दी गई।

रात्रिकालीन चौपाल के माध्यम से प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिससे समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल देखने को मिली।

### सोलर योजनाओं को अपनाने की अपील

ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि शासन द्वारा इस योजना में अनुदान भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा खेतों की सिंचाई के लिए सोलर पंप लगाने पर भी अनुदान की सुविधा की जानकारी दी गई।

### योजनाओं की दी जानकारी, जागरूकता पर दिया जोर

चौपाल के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। आंगनबाड़ी सेवाओं के माध्यम से बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की सलाह दी गई।

### सामाजिक सुरक्षा और जल संरक्षण का संदेश

चौपाल में अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों को भविष्य सुरक्षित करने के लिए इन योजनाओं से जुड़ने की अपील की गई। साथ ही जल संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाने और आने वाली पीढ़ी के लिए संसाधनों को सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया। इस दौरान युवाओं को स्वरोजगार के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण लेने कहा गया।

## वारासिवनी में चोरी गैंग का पर्दाफाश, 10 वारदातों का खुलासा - 25 लाख का माल बरामद





**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***थाना वारासिवनी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संगठित चोरी गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 25 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया है।***

आरोपियों द्वारा जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 10 चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी पहले गांवों में रेकी कर सुनसान मकान, गोदाम और खेतों को चिन्हित करते थे। इसके बाद रात के समय 407 पिकअप एवं स्कॉर्पियो जैसे वाहनों का उपयोग कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे और माल को अन्य स्थानों पर बेच देते थे।

### घटना का खुलासा

19 अप्रैल 2026 को वारासिवनी क्षेत्र में खेत के मकान का ताला तोड़कर सरसों की चोरी की शिकायत दर्ज हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वारासिवनी, कटंगी और रामपायली पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। जांच के दौरान संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों ने कई वारदातें कबूल कर लीं।

### बरामद मशरूका

पुलिस ने आरोपियों के पास से लगभग 170 बोरी धान, 20 बोरी चावल, 22 बोरी सरसों, सोने-चांदी के आभूषण (लगभग 2 लाख रुपये), दो 407 पिकअप वाहन और एक स्कॉर्पियो वाहन जब्त किया है। कुल मशरूका करीब 25 लाख रुपए आंका गया है।

### गिरफ्तार आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में शहजाद उर्फ सज्जू, अभय सहारे, बादल मेश्राम, राहुल मुरे, समीर खान और सोनू नंदे शामिल हैं। सभी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### पुलिस की अपील

जिला पुलिस ने आमजन से घर, खेत और गोदाम की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने, सीसीटीवी कैमरे लगाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस या डायल-112 पर देने की अपील की है।

### सराहनीय कार्य

इस कार्रवाई में वारासिवनी और कटंगी पुलिस टीम की भूमिका सराहनीय रही, जिन्होंने तत्परता से आरोपियों को पकड़कर बड़ी चोरी का खुलासा किया।

## बैहर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण, मौके पर हुई पानी की टेस्टिंग..






**जगप्रेरणा बैहर।**

***जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 27 अप्रैल 2026 को जनपद पंचायत बैहर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (क्क॥श्व) द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए फील्ड टेस्टिंग किट (स्नञ्जय्) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।***

प्रशिक्षण में बैहर एवं आमगांव सेक्टर की कुल 48 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपखंड केमिस्ट कृष्णकांत मेश्राम, ब्लॉक समन्वयक पुष्पलता अंगारे तथा फनीश रंगारे द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं समुदाय को जल गुणवत्ता के प्रति जागरूक बनाना रहा। इस दौरान कार्यकर्ताओं को पानी की गुणवत्ता जांच के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान आंगनवाड़ी एवं स्कूलों से लाए गए पानी के नमूनों की मौके पर ही फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जांच कर लाइव डेमो दिया गया। कार्यकर्ताओं को श्व॥ मान, फ्लोराइड, आयरन तथा पानी की कठोरता जैसे प्रमुख मानकों की जांच करना सिखाया गया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड बैहर की ओर से उपयंत्री काजल कोड़ापे ने निर्देश दिए कि सभी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के पेयजल स्रोतों की वर्ष में कम से कम दो बार, मानसून से पहले और बाद में जांच करें तथा परीक्षण के परिणामों का रिकॉर्ड संधारित करें।

पानी अमानक पाए जाने पर इसकी सूचना तत्काल विभाग की प्रयोगशाला को देने के लिए भी कहा गया। प्रशिक्षण में दूषित पानी से होने वाली बीमारियों जैसे डायरिया और टाइफाइड के बारे में भी जानकारी दी गई तथा सुरक्षित पेयजल के उपयोग पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में एच. के. बागेश्वर, शीतल मिश्रा, हरीश झा, पर्यवेक्षक आशा मेश्राम, कृष्णा मरकाम सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में परियोजना अधिकारी रामनाथ धुर्वे का विशेष सहयोग रहा। इस पहल से ग्राम स्तर पर जल गुणवत्ता की निगरानी मजबूत होने के साथ आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों और गांवों में बच्चों एवं नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

## जीरो वेस्ट इवेंट और जल गंगा अभियान पर हुई कार्यशाला, स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियां तेज..



**जगप्रेरणा मलाजखंड।**

***स्वच्छता को बढ़ावा देने और नागरिकों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद मलाजखंड द्वारा शासकीय आईटीआई मलाजखंड में जीरो वेस्ट इवेंट एवं जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।***

यह कार्यक्रम भारत सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व, कचरा पृथक्करण (ड्राई और वेट वेस्ट), प्लास्टिक मुक्त आयोजन, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जीरो वेस्ट इवेंट की अवधारणा, उसके प्रभावी क्रियान्वयन और दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली स्वच्छ आदतों पर भी चर्चा की गई, जिससे विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और जागरूकता का भाव विकसित हो सके। इसी क्रम में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025ङ्क26 की तैयारियों के तहत मोहगांव स्थित केंद्रीय विद्यालय मलाजखंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर, शौचालयों की स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण उपायों और समग्र साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया। अधिकारियों को स्वच्छता मानकों का सतत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

नगर पालिका परिषद मलाजखंड के इन प्रयासों से शहर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के साथ-साथ नागरिकों और विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा मिल रहा है।


व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।


## जिले के युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर, 29 अप्रैल को रोजगार मेले का आयोजन

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

जिले के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 29 अप्रैल 2026 को युवा संगम रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले ने बताया कि इस रोजगार मेले का आयोजन शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गायखुरी में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। मेले में रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप से जुड़े अवसर भी उपलब्ध रहेंगे, जिससे युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में मार्गदर्शन और रोजगार के अवसर मिल सकें। इस रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अपने साथ शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं समग्र आईडी अनिवार्य रूप से लेकर उपस्थित हों।

जिला प्रशासन ने जिले के अधिक से अधिक युवाओं से इस रोजगार मेले में भाग लेने की अपील की है, ताकि वे उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाकर अपने भविष्य को संवार

## बालाघाट में मिशन हार्ट अभियान शुरू


## 2 मई को बच्चों के लिए निःशुल्क हृदय जांच शिविर का होगा आयोजन

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में आगामी एक सप्ताह के लिए जिले में मिशन हार्ट अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बच्चों के हृदय रोगों के उपचार के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

इस अभियान के तहत जन्मजात हृदय रोग (सीएचडी) तथा दिल में छेद जैसी समस्याओं से पीड़ित बच्चों के लिए 2 मई को बैहर स्थित शासकीय सिविल अस्पताल बैहर में हृदय जांच एवं निदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में बच्चों की इको जांच, उपचार तथा आवश्यकता अनुसार सर्जरी निःशुल्क की जाएगी। इसके साथ ही आने-जाने की व्यवस्था, भोजन, रहने की सुविधा और दवाइयां भी पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराई जाएंगी। आयुष्मान कार्ड होने या न होने पर भी सभी सेवाएं निःशुल्क रहेंगी।

जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक राजाराम चक्रवर्ती ने जिलेवासियों से अपील की है कि 18 वर्ष या उससे कम आयु के ऐसे सभी बच्चों को शिविर में लाया जाए, जो हृदय रोग से पीड़ित हैं, ताकि समय पर जांच और उपचार संभव हो सके। शिविर में आते समय पुरानी जांच रिपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड (यदि उपलब्ध हो) तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना आवश्यक है। पंजीयन एवं अधिक जानकारी के लिए जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र बालाघाट मोबाइल नंबर 7999772423 से संपर्क किया जा सकता है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रूपेश रावते भानेगांव

मो. 9826602705

जग प्रेरणा

लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# जिला कांग्रेस कमेटी की नई टीम में देवेंद्र खोंगल उपाध्यक्ष, मनीषा धारने महासचिव..

## अन्य पधारिकारियों के मनोनयन पर दी बधाइयां..



मुकेश चौहान



देवेन्द्र खोंगल



अनिल गीरिया



मनीषा धारणे

जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट की नई कार्यकारिणी को औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।***

यह नियुक्तियां मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी के निर्देश पर तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा से की गई हैं। जारी आदेश के अनुसार संजय उइके को जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके नेतृत्व में गठित कार्यकारिणी में अनुभवी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

नई कार्यकारिणी में देवेन्द्र खोंगल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, श्रीमती मनीषा धारणे, श्रीमती चेतना कुराहे एवं बेनीराम खोटोले को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त मनीष भीमटे, अनिल कुमार गिरिया और मुकेश चौहान को सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार इस नई टीम का गठन संगठन को मजबूत करने, आगामी चुनावों की तैयारियों को धार देने तथा कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है।

जिला अध्यक्ष संजय उइके के नेतृत्व में यह टीम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएगी और पार्टी के जनाधार को विस्तार देने का प्रयास करेगी। नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि इससे संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की विचारधारा को प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंचाया जा सकेगा। पार्टी नेतृत्व द्वारा कार्यकर्ताओं के समर्पण को पहचानते हुए उन्हें संगठन में सेवा का अवसर प्रदान किया गया है।

बालाघाट जिले के सभी निष्ठावान एवं कर्मठ साथियों को जिला टीम में स्थान मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं। यह पद केवल जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प भी है।


### बधाई देने वाले प्रमुख नाम:

विधायक हीना कावरे, जनपद पंचायत लांजी अध्यक्ष अर्चना खोंगल, उपाध्यक्ष अजय अवसरे, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला अध्यक्ष ऋषि पटेल दशरिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी अध्यक्ष रेवाजी कराटकरे, सौरभ मोनू पशीने (अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी लांजी), लीलाधर डोलस, मुकेश जोशी, मनीष जुझार (अध्यक्ष विधानसभा युवा कांग्रेस), ललित कबीरे, अशोक पालीवाल, पूनम आसटकर, राजू बापुरे, संतोष आवरे, ज्योति उमरे, ओमकार रहांगडाले, खेमचंद दानी, राजू मेंढे, मुकेश रणदिवे, महेन्द्र सोनवाने, शरद आसटकर, दिनेश लांडे, संजीत ठाकरे, देबीलाल चौधरी, आशीष सोनू श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र चूटे, घनश्याम पटले, संजय वानखेड़े, कोमल कांडे, योगेन्द्र मिश्रा, राम ठाकरे, लिखेन्द उपराड़े, एडवोकेट अनमोल तिडके, जीतू मोरघड़े, सुरेन्द्र चौधरी, पन्ना बिल्हारे, पोषण मस्करे, नरेंद्र नागपुरे, बंटी पटेल, मोनू हरिनखेड़े, अफ़ज़ल बेग, आरिफ बेग, सैयद अरशद, इरशाद खान, गणेश बागड़े, राजू सोयाम, प्रभुदयाल किरमें, विनोद उमरे, टुमन घोरमारे, सिद्धीक अंसारी, अफसाना अंसारी, जुग्गू खान, बब्बू भाईजान, युवराज पटले, महेश चौधरी, गोवर्धन घोरमारे, श्याम बेदरे, राधेश्याम नखाते, रविन्द्र धारने, दिनेश चौहान, लीलाराम मानकर,अमन श्रीवास्तव, शिवम् नखाते, लक्ष्मण कावरे, रामकृष्ण गिरिया, कल्याण कालबेले, योगदास नागपुरे, अजीत नागपुरे, गुरुदास लिल्हारे, रामेश्वर बिल्थरे, विश्वनाथ मोरघडे, मुरली बावनथडे, स्नेहा बागड़े, राकेश बागड़े, कैलाश मस्करे, बब्लू उमरे,पप्पू कावडे, भरत बडमें, नरेश चौहान, सीताराम बड़मे, चंद्रकांत किरनापूरे, प्रवीण दुबे, पप्पू कामरी, सुखराम बडमें, दिलीप रामटेके, पवन कश्यप, विजय रामटेकर, राजेश पन्द्रे, सखाराम वरकड़े, गुड्डू गोस्वामी, नरेन्द्र मोतीचुर, ललित वरकड़े, राजेश पंद्रे, राकेश पंद्रे सुरेन्द्र चौधरी सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# भीषण गर्मी में बिजली की आंख-मिचौली से लोग बेहाल, ट्रांसफार्मर में आग लगने से घंटों बाधित रही सप्लाई..

## विभाग ने की कचरा न फेंकने की अपील..





जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुँचने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। ऐसे में बिजली की बार-बार हो रही अघोषित कटौती ने आग में घी डालने का काम किया है।***

लांजी नगर में हर आधे घंटे में बिजली गुल होने की स्थिति से रहवासियों के साथ-साथ व्यापारी वर्ग में भी भारी आक्रोश देखा जा रहा है। नगर में दिन और रात, दोनों ही समय बिजली की अनियमित आपूर्ति से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। बार-बार ट्रिपिंग और कटौती के कारण घरों में पंखे, कूलर और अन्य बिजली उपकरण शो-पीस बनकर रह गए हैं। उमस भरी गर्मी में सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि बिजली की अस्थिरता के कारण ग्राहक दुकानों में रुकना पसंद नहीं कर रहे, जिससे उनका कारोबार चौपट हो रहा है।

### ट्रांसफार्मर में आग लगने से गहराया संकट..

लगातार हो रही कटौती और नागरिकों के आक्रोश के बीच विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया की लांजी-भिलाई मार्ग पर स्थित बैंक ऑफमहाराष्ट्र के समीप रखे ट्रांसफार्मर डीटीआर के बॉक्स में तकनीकी खराबी के कारण अचानक भीषण आग लग गई थी। इस तकनीकी खराबी के कारण ही पूरे नगर की विद्युत सप्लाई बाधित हुई। सूचना मिलते ही विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुँचे और युद्धस्तर पर सुधार कार्य शुरू किया गया। देर शाम तक कड़ी मशक्कत के बाद फाल्ट को ठीक कर आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल की जा सकी।

### विभाग की अपील: ट्रांसफार्मर के पास न फेकें कचरा..

विद्युत विभाग ने इस घटना के बाद आम नागरिकों से एक विशेष अपील की है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लोग अक्सर ट्रांसफार्मर के आसपास कागज और अन्य ज्वलनशील कचरा फेंक देते हैं। गर्मी के मौसम में इस कचरे के कारण केबल में आग लगने और शॉर्ट सर्किट होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। विभाग ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे विद्युत उपकरणों और ट्रांसफार्मर के पास साफ-सफाई रखें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करे..
मो. 9329033433

# परसवाड़ा के गांवों में जल गंगा अभियान, पेयजल जांच और स्वच्छता पर जोर..







जगप्रेरणा किरनापुर।

***जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 27 अप्रैल 2026 को जिले के किरनापुर विकासखंड का उड़नदस्ता द्वारा कटंगी ग्रामों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट उपखंड किरनापुर की***

ब्लॉक समन्वयक श्रुति डहाटे तथा आईएसए संस्था नई रोशनी के फील्ड समन्वयक हिमांशु डोहरे और टिकेश बोपचे द्वारा स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में फील्ड टेस्टिंग किट (**FTK**) के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता की जांच की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं और एफटीके उपयोगकर्ताओं द्वारा पानी के नमूनों की मौके पर ही जांच कर क्लोरीन, आयरन, फ्लोराइड और **pH** जैसे मानकों की जानकारी दी गई। यदि पानी दूषित पाया जाता है तो उसे विस्तृत जांच के लिए प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया भी समझाई गई। कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, समूह की महिलाएं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

सभी को जल गुणवत्ता जांच और स्वच्छता के प्रति प्रशिक्षित किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। अभियान के अंतर्गत एफटीके किट का वितरण भी किया गया, ताकि गांव स्तर पर नियमित रूप से पानी की जांच की जा सके। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता की निगरानी मजबूत होने के साथ-साथ लोगों में स्वच्छता और सुरक्षित जल उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

# मनीष भीमटे जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव नियुक्त, कार्यकर्ताओं में हर्ष..



जगप्रेरणा किरनापुर।

***प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व द्वारा बालाघाट जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी में विस्तार करते हुए मनीष भीमटे को जिला सचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है।***

उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### संगठन को मिलेगी नई मजबूती..

मनीष भीमटे की सक्रियता और पार्टी के प्रति अटूट निष्ठा को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। स्थानीय नेताओं का मानना है कि इस नियुक्ति से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और युवाओं की भागीदारी में भी इजाफा होगा।

### बधाइयों का तांता..

नवनियुक्त सचिव मनीष भीमटे को बधाई देने वालो का लगा रहा तांता नियुक्ति की घोषणा होते ही समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने उम्मीद जताई है कि मनीष भीमटे के नेतृत्व में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में मदद मिलेगी।मनीष भीमटे ने जताया आभार।

### बोले मनीष भीमटे..

मैं प्रदेश नेतृत्व और जिला संगठन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने मुझ पर यह विश्वास जताया है। मेरा लक्ष्य आगामी समय में पार्टी को और अधिक सशक्त बनाना और जनहित के मुद्दों को पूरी प्रमुखता से उठाना होगा।इस नियुक्ति को आगामी रणनीतियों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिससे कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

# भीषण गर्मी में चक्कर आने से बाइक सवार पेड़ से टकराया

## बाल-बाल बचा युवक..



जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी और लू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ते तापमान के बीच सड़कों पर सफर करना जोखिम भरा साबित हो रहा है।***

सोमवार शाम एक ऐसा ही मामला सामने आया, जहाँ गर्मी के कारण चक्कर आने से एक मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर पलाश के पेड़ से जा टकराया। जानकारी के अनुसार, ग्राम चिखलामाली निवासी संजय टेकाम (44 वर्ष) सोमवार शाम करीब 4:30 बजे अपने बच्चों को मोहझरी शासकीय स्कूल में साइकिल दिलाकर वापस लौट रहे थे। बच्चों को छोड़ने के बाद वे अपनी मोटरसाइकिल एमपी 50 एमआर 8136 से एक शादी समारोह में शामिल होने आमगांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कुम्हारीकला-लाडसा मार्ग पर तीव्र मोड़ के पास अत्यधिक गर्मी के कारण उन्हें अचानक चक्कर आ गया और उनकी बाइक सीधे सड़क किनारे लगे पलाश के पेड़ से जा भिड़ी। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस को सूचना दी, जिसकी मदद से घायल को सिविल अस्पताल लांजी पहुँचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवक की स्थिति सामान्य देखते हुए उसे छुट्टी दे दी गई। घायल संजय ने बताया कि मोड़ पर अचानक सिर घूमने के कारण वह संतुलन खो बैठा था, जिससे उसके सीने में मामूली चोटें आई हैं।





# लांजी में आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यानमाला आयोजित

## युवाओं को मिला आध्यात्मिक प्रेरणा का संदेश..





जगप्रेरणा लांजी।

आदि गुरु आदि गुरु शंकराचार्य जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के तत्वावधान में स्नातकोत्तर महाविद्यालय लांजी में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं शंकराचार्य जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संतोष मोरघडे ने शंकराचार्य जी के जीवन एवं उनके दार्शनिक विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आठवीं शताब्दी में केरल में जन्मे शंकराचार्य जी ने बाल्यकाल से ही अध्यात्म के प्रति गहरी रुचि दिखाई और मानव कल्याण तथा सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु अल्पायु में ही संन्यास ग्रहण कर लिया। उन्होंने उल्लेख किया कि मात्र आठ वर्ष की आयु में शंकराचार्य जी ने केरल से ओंकारेश्वर तक की कठिन यात्रा कर देश के चारों दिशाओं में मठों की स्थापना की, जिससे सांस्कृतिक एकता को मजबूती मिली। व्याख्यान में यह भी बताया गया कि उस समय सनातन संस्कृति पाखंडवाद और तर्कहीन गतिविधियों के कारण कमजोर पड़ रही थी। ऐसे दौर में शंकराचार्य जी ने अपने ज्ञान और तर्क के माध्यम से धर्म के मूल स्वरूप को पुनः स्थापित कर समाज को नई दिशा प्रदान की। साथ ही उन्होंने नर्मदा संरक्षण के संदर्भ में भी रचनाएं कर समाज को प्रत्येक जीव में ईश्वर के वास का संदेश दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा संतोष नागपुरे द्वारा प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा देकर उनके भीतर सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

# लांजी में 1 मई से शुरू होगा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026'





जगप्रेरणा लांजी।

खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026' का आयोजन 1 मई से किया जाएगा। यह शिविर माननीय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री के निर्देशन में जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य केवल खेल प्रशिक्षण तक सीमित न रहकर प्रतिभागियों के समग्र विकास पर केंद्रित है। इसमें खिलाड़ियों को फिटनेस, व्यक्तित्व विकास और सामाजिक जागरूकता से भी जोड़ा जाएगा, ताकि वे एक उत्कृष्ट खिलाड़ी बनने के साथ-साथ बेहतर नागरिक भी बन सकें।

### समग्र विकास पर रहेगा फोकस..

'आरोह 2026' के तहत विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान एवं प्रोफाइलिंग करने, साथ ही नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा परिवार और समाज में फिटनेस संस्कृति को बढ़ावा देने तथा महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का भी लक्ष्य रखा गया है।

### लांजी में तीन खेलों का चयन..

ब्लॉक समन्वयक (खेल एवं युवा कल्याण विभाग) प्रज्ञात वासनिक के अनुसार, जिले के प्रत्येक विकासखंड में न्यूनतम दो खेलों के चयन के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में विकासखंड लांजी में कबड्डी, वॉलीबॉल एवं एथलेटिक्स खेलों का चयन किया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर न्यूनतम 30 दिनों तक संचालित होगा।

### प्रतिभाओं को मिलेगा आगे बढ़ने का मौका..

शिविर के दौरान प्रतिभागियों को नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चिन्हित कर उन्हें खेल अकादमियों के लिए आयोजित प्रतिभा खोज कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने नगर के सभी विद्यार्थियों और खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेने की अपील की है, ताकि वे अपनी खेल प्रतिभा को निखारते हुए शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बन सकें।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा
# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## नीति आयोग क़ी रिपोर्ट- स्ट्रीथनिंग अर्बन गवर्नेंस इन इंडिया : ए फ्रेमवर्क फॉर रिफार्म- दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए एक रूपरेखा -नागरिकों का पूर्ण सहयोग ज़रूरी -समग्र वैश्विक विश्लेषण..

वैश्विक स्तरपर भारत का शहरी भविष्यः चुनौतियों से समाधान तक नीति आयोग की नई रूपरेखा का दुनियाँ में आगज़ हो रहा है,भारत तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है। आज के दौर में शहर केवल रहने की जगह नहीं रहे,बल्कि आर्थिक विकास,नवाचार, रोजगार और सामाजिक गतिशीलता के प्रमुख केंद्र बन चुके हैं। लेकिन इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में अव्यवस्थित विस्तार, कमजोर प्रशासनिक ढांचे,सीमित वित्तीय संसाधन और जवाबदेही की कमी जैसी समस्याएं भी तेजी से सामने आई हैं। इसी पृष्ठभूमि में नीति आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट स्ट्रीथनिंग अर्बन गवर्नेंस इन इंडियाःए फ्रेमवर्क फॉर रिफार्म, भारत के शहरी भविष्य को नई दिशा देने का प्रयास करती है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूंक़ि यह रिपोर्ट न केवल वर्तमान समस्याओं की पहचान करती है,बल्कि एकदीर्घकालिक और संस्थागत समाधान का खाका भी प्रस्तुत करती है,जो भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और टिकाऊ शहरी अर्थव्यवस्था बनाने में मदद कर सकता है।भारत आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा हैजहां शहरीकरण उसके विकास की दिशा तय करेगा।

साथियों बात अगर हम शहरी भारत की वास्तविकताः अवसर और संकट का संगम इसको समझने की करें तो भारत में शहरी आबादी तेजी से बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमानों के अनुसार, 2030 तक भारत की लगभग 40 प्रतिशत आबादी शहरों में निवास करेगी। यह वृद्धि अवसरों का द्वार खोलती है जैसे रोजगार,निवेश और तकनीकी विकास लेकिन इसके साथ ही यह कई गंभीरचुनौतियों को भी जन्म देती है।

आज के भारतीय शहरों में यातायात जाम, प्रदूषण, जल संकट, आवास की कमी और असमानता जैसी समस्याएं आम हैं। इन समस्याओं की जड़ में केवल संसाधनों की कमी नहीं है, बल्कि शासन प्रणाली की कमजोर संरचना भी है। यही वह बिंदु है जिस पर नीति आयोग की रिपोर्ट विशेष ध्यान केंद्रित करती है।

साथियों बात अगर हम शहरों में संस्थागत बिखरावःशहरी प्रशासन की सबसे बड़ी बाधा इसको समझने की करें तो भारत के अधिकांश शहरों में प्रशासनिक जिम्मेदारियां कई एजेंसियों में बंटी हुई हैं नगर निगम, विकास प्राधिकरण,राज्य सरकार की एजेंसियां और केंद्रीय संस्थाएं। इस बिखराव के कारण निर्णय लेने की प्रक्रिया धीमी और जटिल हो जाती है।उदाहरण के लिए, एक ही शहर में सड़क निर्माण,जल आपूर्ति और भूमि उपयोग जैसे कार्य अलग-अलग संस्थाओं द्वारा संचालित होते हैं। इससे न केवल संसाधनों का दुरुपयोग होता है, बल्कि जवाबदेही भी कमजोर पड़ जाती है। नीति आयोग की रिपोर्ट इस समस्या को शहरी शासन की मूल चुनौती के रूप में चिन्हित करती है और एकीकृत प्रशासनिक ढांचे की आवश्यकता पर सटीक रूप से बल देती है।

साथियों बात अगर हम सीमित शक्तियों का हस्तांतरणःलोकतंत्र का अधूरा विकेंद्रीकरण इसको समझने की करें तो भारत में 74वें संविधान संशोधन के माध्यम से शहरी स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने का प्रयास किया गया था। लेकिन व्यवहारिक स्तर पर यह विकेंद्रीकरण अधूरा ही रह गया।नगर निगमों और नगर पालिकाओं को पर्याप्त अधिकार नहीं दिए गए हैं। अधिकांश महत्वपूर्ण निर्णय राज्य सरकार के नियंत्रण में ही रहते हैं।इससे स्थानीय स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन बाधित होता है। नीति आयोग की रिपोर्ट स्पष्ट रूप से सुझाव देती है कि शहरी निकायों को वास्तविक प्रशासनिक और वित्तीय स्वायत्तता दी जानी चाहिए, ताकि वे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार निर्णय ले सकें।

साथियों बात अगर हम वित्तीय स्वायत्तता की कमीः विकास में सबसे बड़ी रुकावट इसको समझने की करें तो शहरी निकायों के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधनों का अभाव एक गंभीर समस्या है। भारत में अधिकांश नगर निगम अपने खर्चों के लिए राज्य और केंद्र सरकार पर निर्भर हैं।स्थानीय कर संग्रहण की क्षमता कमजोर है और संपत्ति कर जैसी प्रमुख आय स्रोतों का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा, बजट प्रबंधन और वित्तीय पारदर्शिता की कमी भी एक बड़ी चुनौती है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि नगर निकायों को अपने राजस्व स्रोतों को मजबूत करना चाहिए, जैसेःसंपत्ति कर सुधार, उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर चार्जेज) नगर बॉन्ड (म्युनिसिपल बोड्स ) यह कदम न केवल वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करेंगे, बल्कि शहरी विकास को गति भी देंगे। जवाबदेही का अभावः नागरिकों का सटीक भरोसा कमजोर, किसी भी लोकतांत्रिक प्रणाली की सफ्लता उसकी जवाबदेही पर निर्भर करती है। लेकिन भारतीय शहरों में नागरिकों के प्रति जवाबदेही का स्तर अभी भी कमजोर है।पारदर्शिता की कमी, भ्रष्टाचार और नागरिक सहभागिता का अभाव प्रशासनिक दक्षता को प्रभावित करता है। नीति आयोग की रिपोर्ट इस दिशा में सुधार के लिए डिजिटल गवर्नेंस सामाजिक ऑडिट और नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देने की बात करती है।

साथियों बात अगर हम तकनीक की भूमिकाः स्मार्ट शहरों की दिशा में कदम इसको समझने की करें तो डिजिटल तकनीक शहरी शासन को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बना सकती है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत कई शहरों में तकनीकी समाधान लागू किए गए हैं,लेकिन अभी भी इनका विस्तार सीमित है।नीति आयोग की रिपोर्ट सुझाव देती है कि (1) डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली विकसित की जाए(2)ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म को मजबूत किया जाए(3)नागरिक सेवाओं को डिजिटल बनाया जाए,यह न केवल प्रशासन को कुशल बनाएगा, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को भी सुधार करेगा।

साथियों बात अगर हम पर्यावरणीय चुनौतियांः टिकाऊ शहरीकरण की आवश्यकता इसको समझने की करें तो ऐसा महसूस होता है कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट शहरी क्षेत्रों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। बढ़ता प्रदूषण, जल संकट और हरित क्षेत्रों की कमी शहरों की जीवन गुणवत्ता को प्रभावित कर रही है।रिपोर्ट में टिकाऊ विकास (सस्टेनबल डेवलपमेंट ) पर विशेष जोर दिया गया है। इसमें हरित बुनियादी ढांचे, जल संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही गई है।

साथियों बात अगर हम नीति आयोग की रूपरेखाः समाधान का समग्र दृष्टिकोण इसको समझने की करें तो रिपोर्ट में प्रस्तुत रूपरेखा बहुआयामी है, जिसमें निम्नलिखित प्रमुख बिंदु शामिल हैंः (1) संस्थागत एकीकरण (2) वास्तविक विकेंद्रीकरण (3) वित्तीय सुधार

जवाबदेही और पारदर्शिता (4) तकनीकी नवाचार यह रूपरेखा केवल समस्याओं का समाधान नहीं देती, बल्कि एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है।

साथियों बात अगर हम भारत के लिए आगे की राहः चुनौतियां और संभावनाएं इसको समझने की करें तो नीति आयोग की यह रिपोर्ट एक महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन इसका वास्तविक प्रभाव इसके क्रियान्वयन पर निर्भर करेगा। भारत को निम्नलिखित कदम उठाने होंगे(1)राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रदर्शन (2) संस्थागत सुधारों का प्रभावी कार्यान्वयन (3) नागरिकों की सक्रिय भागीदारी (4) निजी क्षेत्र के साथ सहयोग,यदि इन पहलुओं पर ध्यान दिया जाए, तो भारत अपने शहरी क्षेत्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना सकता है।

साथियों बात अगर हम इस पूरे मुद्दे को वैश्विक परिप्रेक्ष्यः दुनियाँ से क्या सीख सकता है भारत इसको समझने की करें तो, दुनियाँ के कई देशों ने शहरी शासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफ्लता हासिल की है।उदाहरण के लिएःसिंगापुर में केंद्रीकृत लेकिन अत्यधिक कुशल शहरी प्रबंधन प्रणाली, लंदन में मजबूत स्थानीय प्रशासन और वित्तीय स्वायत्तता, न्यूयॉर्क में सार्वजनिक-निजी भागीदारी का प्रभावी उपयोग, इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि सफ्ल शहरी शासन के लिए तीन तत्व आवश्यक हैं,स्पष्ट अधिकार, मजबूत वित्तीय आधार और जवाबदेही।भारत भी इन मॉडलों से सीख लेकर अपनी परिस्थितियों के अनुसार सुधार कर सकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि शहरी भारत का भविष्य तय करने का निर्णायक क्षण हैं भारत आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां शहरीकरण उसके विकास की दिशा तय करेगा।नीति आयोग की रिपोर्ट स्ट्रीथनिंग अर्बन गवर्नेंस इन इंडिया : ए फ्रेमवर्क फॉर रिफार्म इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह रिपोर्ट केवल एक दस्तावेज नहीं है, बल्कि एक दृष्टि है,एक ऐसे भारत की, जहां शहर केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि अवसरों, नवाचार और समृद्धि के केंद्र हों।यदि इस रूपरेखा को गंभीरता से लागू किया गया, तो भारत न केवल अपनी आंतरिक चुनौतियों को पार कर सकता है, बल्कि वैश्विक शहरी विकास के क्षेत्र में एक उदाहरण भी बन सकता है।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

## लोग कहते हैं

लोग कहते हैं
मेरा मन रिक्त है
क्योंकि मैं चुपचाप बैठी रहती हूं
ज्यादा बातें नहीं करती हूँ
किसी को देखकर
बस मुस्कुरा दिया करती हूँ
किसी की वेदना में
सर झुका कर बहते आसूं को
चुपके से पोंछ लिया करती हूं
मुझे शब्दों को बोलकर
दिलासा देना नहीं आता
नहीं आता दुनिया
की रीति रिवाजों में
न चाहकर भी शब्दों को लपेटना
मुझे चापलूसी की कोई भी
तुकबंदियां मिलाने की हृदय से
इच्छा नहीं होती
मुझे ऐसे रिश्ते बोझ लगते हैं
जिसमें मन को जबरदस्ती
मिलना पड़ता है
इसलिए मैने एक रास्ता
अपनाया है
मौन रहने का,
जितनी जरूरत हो
उतनी ही बात करने का..
मै अपने मन के
फैसले से खुश हूं
मुझे अच्छा लगता
है, चैन मिलता है
स्व के बारे में जानने की
उत्सुकता रहती है
स्व से परिचय होता है
इसलिए मैं ज्यादा मौन रहती हूं

**वंदना सिंह 'त्वरित'**

यदि आप प्रतिदिन दैनिक समाचार पत्र प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया मो. 9329033433 पर संपर्क करें।

## तुम कहाँ हो गौरैया..

तुम कहाँ हो गौरैया
महानगरों की,
थकन भरी ज़िन्दगी।
अट्टालिकाओं की,
अनवरत श्रृंखला।
आलीशान भवनों में,
गमलों के प्लास्टिक फूल।
प्रकृति से बढ़ती,
अनवरत दूरियाँ।
कहाँ खो गई,
ग्राम्य अंचल की आभा।
फिर भी क्यों,
करते हो प्रगति का दावा।
गौरैया,
तुम कहाँ हो!
मेरे गाँव की,
स्मृतियाँ होतीं साकार।
मैं पुकार रहा,
बार-बार,बार-बार।
तरसते नयन,
तुम्हारी अठखेलियों को।
गौरैया,
तुम कब आओगी!
मैंने रखा,
छत पर जल भरा पात्र।
तुम्हारी तृषा के साथ-साथ,
मेरी तृप्ति भी होगी।
तुम्हारे मधुर कंठ से,
कलरव ध्वनि सृजित होगी।
इसी आशा में,
दानों का पात्र भी रख रहा हूँ।
'यमुनेश्वरी' तुम ,
आओ गौरैया!
मेरे जीवन को,
प्रकृतिमय बनाओ गौरैया!
तुम्हारा इन्तज़ार है;
तुम्हारा इन्तज़ार है।

रचनाकार



**वल्लभ यमुनेश्वरी नैनपुर**

## धरनी..

सागर नदी पहाड का, सह लेती है भार।
पर धरनी कैसे सहे, बढता अत्याचार।।

घोर पाप धरनी बढै, चली जाय पाताल।
देव नहीं रच्छा करें, तो निश्चित भूचाल।।

धरनी जो होती नहीं होता नहिं संसार।
प्रभु की किरपा मानिये, जो दुनियॉ साकार।।

धरनीं पै जड जीव सब,प्रभु ने दये बनाय।
लिखौ लेख मिटबै नईं, कितनउँ करौ उपाय।।

धरनीं धरती संत कें, मित पै उबरै नन्द।
कऊँ कऊँ काँटे दिखें, कऊँ दिखै मकरन्द।।

**रामानन्द पाठक नन्द**

## अपनी हदें हमनें पार कर दी..

अपनी हदें हमनें पार कर दी,
एक नहीं सौ-सौ बार कर दी।

मोहब्बत तो बस धोखा बना,
तीर सीने के आर-पार कर दी।

रिश्ते नाते हम सारे भूल गए,
सम्बन्धों को तार-तार कर दी।

जीना जिसने हमें सिखाया है,
उनकी जिंदगी बेकार कर दी।

स्वार्थी हम इतने हो चले यारों,
कि खुद को ही तलवार कर दी।

**अनिल कसेर 'उजाला'**


## एक प्रश्न..

मंचों पर कुछ
लदे हुए जो
कवि सम्मेलन के
गौरव हैं।
जिनकी आंखों के
सम्मुख ही
चीरहरण होता
कविता का?
विकराल प्रश्न
मुझसे यही पूछे
वो पांडव है कि
कौरव है?



**रामनारायण कश्यप**

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 108



ck;| l| nk;| !& 1) प्रकृति, ईश्वरीय शक्ति 5) मादक वस्तुओं पर नियन्त्रण रखनेवाला सरकारी विभाग 8) फूल 10) बेवजह, व्यर्थ 13) सफद रंग का एक बड़ा पक्षी 15) किसी बात को चाहने वाला 17) स्त्री, महिला 18) एक धातु 19) छेने की एक मिठाई 21) धब्बा 22) कांख 24) बेकार, असफल 26) फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र के एक पुत्र का नाम 29) अकबर पुत्र सलीम की प्रियतमा 31) किसी वस्तु को बनाने में लगने वाला खर्च 34) शासन क्षरा सस्ते दाम पर अनाज बेचने के लिए की गयी व्यवस्था 35) नरगिस, राज कुमार, सुनील दत्त, राजेन्द्र कुमार की एक पुरानी यादगार फिल्म 38) लौटाना 40) राक्षस, असुर 41) मर्म, रहस्य, गुप्त बात 43) प्रथा, रिवाज 45) मालूम न होने की स्थिती 46) पानी 47) कृपा करना, तारीफ करना 49) क्रम से नव्वे नंबर पर आनेवाला, नया 51) दी गयी अवधि 53) सिर के आपस में गुंथे व लिपटे बालों वाली लटें 54) पुरुषों का 55) जबरदस्ती करना या व्यर्थ का ताव दिखाना इस अर्थवाला एक मुहावरा 57) प्रशंसासूचक एक शब्द 59) साहूकार 60) जो समान न हो 62) रोटी सेंकने का लोहे का गोल उपकरण 63) दूध 65) मुसलमानों का एक तीर्थस्थान 66) प्रसिद्ध, मशहूर 67) अंधेरा 69) कपड़े धोने का एक साबुन उत्पादन 70) तत्पुरुष, बहुब्रीहि, कर्मधरम आदि 71) जीत 72) जीवनयापन 75) सूजी से बनाया जाने वाला एक मीठा खाद्य व्यंजन 76) बरसात 78) सरकारी आदेश 80) आटा छानने का एक जालीदार उपकरण 81) पर्यन्त 82) बहुत बड़ा शहर 84) क्रिकेट के वंडरब्वॉय सचीन तेंडूलकर के पिताजी का नाम 85) मालूम करना 87) सिरदर्द होने पर लगाई जाने वाली औषधी या लेप 88) स्नानघर 90) कौरवों की संख्या 91) गऊ, गाय 92) वस्त्र, कपड़ा 93) नमूना 95) धूम्र 97) जोर का वार 100) पीहर 102) एक सांप जिसका श्रीकृष्ण ने मर्दन किया था 104) यदि ऐसा होता अर्थवाला एक पछतावा भरा शब्द 106) छेद 108) बहुत बड़ा और विस्तृत 110) भारत का एक राजनीतिक दल 112) पश्चात 113) सब, कुल 114) मुआवजा 115) फिल्मों या नाटक में दुष्ट प्रवृत्ति का पात्र 116) देह, शरीर 117) महाभारत में धृतराष्ट्र की पत्नी

Åij l| uhp| !& 1) कागज को चूहेद्वारा धीरे धीरे दांत से काटना 2) समूह 3) ईश्वर (उर्दू) 4) तकाजा, उत्तेजना या प्रेरणा 6) पहले से ही तैयार 7) शिल्पकार, कारागिरी करनेवाला 8) सुंदर या सुंदर दिखाई देना 9) कुछ उष्ण और कुछ मुलायम, अमोल पालेकर की एक फिल्म 10) शांति 11) एक रंग 12) धनवान 14) सहज, आसान 16) नस 20) आज्ञा, हुकूम 23) पक्षाघात 25) एकदम काला (व्यक्ति) 27) दीपदान, आरती का पात्र 28) सिंह 29) अटल 30) पोतना 32) पेड़ का धड़ 33) कदर करनेवाला 35) खतम कराना, कतल कराना 36) रावण के सिरों की संख्या 37) एक विदेशी शराब 39) समाजवाद के पक्षधर 42) विष्णु का एक नाम 44) शरीर 46) कमल का फूल 48) उत्तराधिकारी 49) सबक, उपदेश 50) घी या तेल में पकाये गये खाद्य पदार्थ 51) मछली के आंखो के समान सुंदर आंखोवाली 52) औषधी 54) महोदय 56) प्रथा, चलन 58) साथ में सफर करनेवाला 60) धनी, रईस 61) खिन्न, उदास, निराश 64) श्रीकृष्णप्रेमी एक पुराने मुस्लिम कवि 66) सुकुमारी 68) सरकारी विभाग 71) महाभारत में उल्लिखित वह राजा जिसने सर्पयज्ञ किया था 72) एक प्रसिद्ध फिल्मी गीतकार एवं कवि 73) क्रिकेट की बैट 74) दया, कृपा 76) विस्फोटक गोला 77) बचाखुचा 79) पीट 81) की गयी सूक्ष्म जांच 83) हाथी 86) अवयस्क 87) विद्रोही 89) मकरंद, शहद 94) नवीन 96) अश्रु 97) तीव्र, तीक्ष्ण 98) ....... टंडन, फिल्म 'मोहरा' की हीरोईन 99) जो दिखाई न दे, अगोचर, अदृश्य 100) अर्थ 101) कामी, दुराचारी 102) बड़ी दरी, गलीचा 103) सुंदर स्त्री, रुपसी 105) मोमबत्ती, दिया (उर्दू) 107) मार्ग, पथ 109) समय, मृत्यु 111) विचार 112) व्यवधान (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | नो | बा | भा | वे | | रो | ज | गा | र | | ब | म | | फ | | बु | ना | व | ट | |
| त | क | रा | र | | सु | म | न | | स | क | ल | | र | स | म | ला | ई | | | प |
| र | | म | त | ल | ब | | म | क | रं | द | | ल | ह | ल | हा | ना | | | ख | र |
| ण | | ती | | ल | ह | र | | म | ग | र | | ल | ब | | ना | | नि | प | ट | ना |
| | छ | | चा | चा | | सि | ता | र | | क | ला | का | र | | ट | | का | र्य | का | री |
| लो | ल | क | | ना | सि | क | | क | सू | र | वा | र | | ट | क | रा | ह | ट | | |
| लो | क | ला | ज | | ल | | प | स | र | ना | | ना | ह | क | | त्रि | | क | इ | सा |
| | प | र | लो | क | सि | धा | र | ना | | | चे | | र | सा | ल | | दो | | त | ला |
| त | ट | | द | ह | ला | | ख | | स | वा | ला | ख | | ल | | के | | ना | मी | |
| वा | | स | र | ल | | स | | मि | ला | ई | | त | र्क | | कु | तु | ब | मी | ना | र |
| य | | र | | वा | न | प्र | स्था | श्र | म | | घ | र | | ठों | | | ना | गि | न | |
| फ | ड़ | फ | ड़ा | ना | | मा | न | | क | र्क | | ना | क | क | ट | ना | | रा | | श |
| | | रो | | | ऋ | ण | | क | र | | अ | क | ब | र | | ग | र | मी | | र |
| त | मा | श | बी | न | | | ख | ल | ना | य | क | | र | मा | र | म | ण | | ग | म |
| नू | र | | न | म | क | ह | रा | म | | ती | स | रा | | र | | णि | | खो | ल | ना |
| जा | ना | मा | ना | | श | रा | बी | | स | म | र | | दी | ना | र | | रो | ह | त | क |

anumeya-08446302691







## वोलवार्ट के अर्धशतक से दक्षिण अफ्रीका ने भारत को हराया, श्रृंखला 4-1 से जीती..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***कप्तान लॉरा वोलवार्ट के नाबाद अर्धशतक के बाद नोनकुलुलेको मलाबा और नेदिन डि क्लर्क की धारदार गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने पांचवें और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सोमवार को यहां भारत को 23 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की।***



दक्षिण अफ्रीका के 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम मलाबा (15 रन पर दो विकेट) और डि क्लर्क (26 रन पर दो विकेट) की प्रभावी गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 132 रन ही बना सकी। एलिज मारी मार्क्स, क्लो ट्रायोन और अयाबोंगा खाका ने भी एक-एक विकेट चटकाया। भारत की ओर से भारत फुलमाली ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। उनके अलावा ऋचा घोष (नाबाद 25) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (22) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाईं। दक्षिण अफ्रीका की धारदार गेंदबाजी के सामने भारतीय टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी। दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले बेहतरीन फॉर्म में चल रही वोलवार्ट की नाबाद 92 रन की पारी से छह विकेट पर 155 रन बनाए।

शुरुआती चार मैच में एक शतक और दो अर्धशतक जड़ चुकी वोलवार्ट ने 26 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के मारे। भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए लेकिन वोलवार्ट एक छोर पर डटी रहीं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत ने चौथे ओवर तक ही सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (04) और जेमिमा रोड्रिग्स (01) के विकेट गंवा दिए।

शेफाली को मार्क्स ने पवेलियन भेजा जबकि जेमिमा की पारी का अंत खाका ने किया। दोनों बल्लेबाजों के कैच ट्रायोन ने लपके। सलामी बल्लेबाज अनुष्का शर्मा (17) भी इसके बाद डि क्लर्क की गेंद पर ट्रायोन को कैच दे बैठीं जिससे भारत का स्कोर आठवें ओवर में तीन विकेट 38 रन हो गया। भारती और हरमनप्रीत ने चौथे विकेट के लिए 38 रन जोड़कर पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन रन गति में इजाफा करने में नाकाम रहीं। मलाबा ने हरमनप्रीत को वोलवार्ट के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा।

ट्रायोन ने 16वें ओवर में भारती को पगबाधा करके भारत को बड़ा झटका दिया। भारती ने 30 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और दो छक्के मारे। अंतिम ओवरों में ऋचा भी मौजूदगी भी भारत को लक्ष्य के करीब नहीं पहुंचा पाई। इससे पहले वोलवार्ट ने पारी की अंतिम दो गेंद पर दीप्ति शर्मा पर छक्कों के साथ टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। श्री चरणी (22 रन पर दो विकेट) और दीप्ति (37 रन पर दो विकेट) की भारत की स्पिन जोड़ी ने बीच के ओवरों में रन गति पर अंकुश लगाया जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम बड़े स्कोर तक पहुंचने में नाकाम रहीं। रेणुका सिंह (21 रन पर दो विकेट) ने भी डेथ ओवरों में प्रभावी गेंदबाजी की।

बाएं हाथ की युवा की स्पिनर श्री चरणी ने लगातार ओवरों में सुने लुस (23) और तेजमिन ब्रिट्स (02) को आउट किया जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर नौवें ओवर में बिना किसी नुकसान के 75 रन से तीन विकेट पर 82 रन हो गया। इसके बाद रेणुका ने पारी के अंतिम ओवरों में कहर बरपाया और तीन गेंदों के भीतर दो विकेट झटके।

वोलवार्ट ने हालांकि संयम बनाए रखा और एक छोर पर डटी रहीं। वह शुरू से ही बेहतरीन लय में दिखीं। उन्होंने क्रांति गौड़ के पहले ही ओवर में दो चौकों से 11 रन बटोरे और फिर वोलवार्ट पर भी दो चौके मारे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने श्री चरणी के जरिए स्पिन आक्रमण की शुरुआत की लेकिन वोलवार्ट ने क्रीज से बाहर निकलकर उन पर चौका जड़ दिया। दूसरे छोर पर लुस ने वोलवार्ट का बखूबी साथ निभाया। दक्षिण अफ्रीका ने पावर प्ले में बिना किसी नुकसान के 49 रन बनाए। एक जीवनदान मिलने के बाद लुस ने दीप्ति पर डीप मिडविकेट के ऊपर से छक्का जड़ दिया। भारत को आखिरकार तब सफलता मिली जब श्री चरणी ने गति और उछाल से लुस को चकमा दिया और ऋचा घोष ने थोड़ी सी चूक के बाद उन्हें स्टंप कर दिया।

इसके बाद रन गति में गिरावट आई। श्री चरणी ने अपने अगले ओवर में ब्रिट्स को बोल्ड कर दिया। इसके बाद दीप्ति ने वापसी करते हुए एनेरी डर्कसेन (00) को आउट करके दक्षिण अफ्रीका को तीसरा झटका दिया। इस तरह नौवें से 12वें ओवर के बीच दक्षिण अफ्रीका ने सिर्फ 14 रन बनाकर तीन विकेट गंवा दिए।

## 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का इकलौता एक्टर, जिसने शो में निभाए 20 से ज्यादा रोल, हर एक ने दिए ठहाके के फुल डोज..

डेस्क जगप्रेरणा।

***लोकप्रिय सिटकॉम 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की सफलता का श्रेय न केवल इसके मुख्य किरदारों को जाता है, बल्कि उन साइड किरदारों को भी जाता है जिन्होंने अपनी छोटी मगर प्रभावशाली भूमिकाओं से दर्शकों को खूब गुदगुदाया है। इसी फेहरिस्त में एक नाम शामिल है अभिनेता निलेश भट्ट का।***

निलेश ने इस शो में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय देते हुए एक-दो नहीं, बल्कि कई अलग-अलग रूपों में फैंस का मनोरंजन किया है। उनकी सहज एक्टिंग ने उन्हें शो के वफादार दर्शकों के बीच एक जाना-पहचाना चेहरा बना दिया है।

### एक कलाकार और 20 से अधिक भूमिकाएं..

निलेश भट्ट की 'तारक मेहता...' में यात्रा काफी दिलचस्प रही है। उन्होंने इस शो में अब तक 20 से ज्यादा अलग-अलग चरित्र निभाए हैं। दर्शकों ने उन्हें कभी नशे में धुत ड्राइवर के रूप में देखा, तो कभी वे आत्माराम तुकाराम भिड़े के रिश्तेदार के रूप में नजर आए। इसके अलावा उन्होंने सुंदरलाल के दोस्त, राजू भाई (खाऊ गली वाले), एक कैदी और 'इंसान सिंह' जैसे कई मजेदार रोल प्ले किए। खोटे क्लासेस के एपिसोड्स से लेकर चंदू चिल्लर, चोर, हरियाली होटल के मैनेजर और गुंडे तक, निलेश ने हर किरदार में खुद को बखूबी ढाला।

### 'बाबू चिपके' ने दिलाई घर-घर में पहचान..



निलेश भट्ट के करियर का सबसे यादगार मोड़ तब आया जब उन्हें 'बाबू चिपके' नाम के कारपेंटर का रोल मिला। इस एक किरदार ने उन्हें इतनी लोकप्रियता और शोहरत दिलाई कि लोग उन्हें असली नाम के बजाय 'बाबू चिपके' के नाम से ही पुकारने लगे। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद साझा किया था

कि इस रोल के हिट होने के बाद शो के मेकर्स भी उन्हें अक्सर इसी भूमिका के लिए बुलाने लगे थे। यह किरदार आज भी फैंस के बीच काफी चर्चित है।

### सिनेमा और टेलीविजन का लंबा अनुभव..

सिर्फ 'तारक मेहता...' ही नहीं, निलेश भट्ट ने बड़े पर्दे पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने अक्षय कुमार की 'ओह माय गॉड' और अभिषेक बच्चन की 'ऑल इज वेल' जैसी चर्चित फिल्मों में काम किया है। उन्होंने गोविंदा के साथ फिल्म 'रन भोला रन' भी साइन की थी, हालांकि वह फिल्म किन्हीं कारणों से रिलीज नहीं हो पाई। इसके अलावा, उन्होंने 'क्राइम पेट्रोल' और 'सावधान इंडिया' जैसे गंभीर क्राइम शोज में भी अपनी अदाकारी का हुनर दिखाया है।

### संघर्ष से सफलता तक का सफर..

एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने से पहले निलेश भट्ट का जीवन काफी अलग था। उन्होंने शुरुआत में अपनी आजीविका चलाने के लिए एक कपड़े की दुकान खोली थी। लेकिन अभिनय के प्रति उनके जुनून ने उन्हें गुजराती थिएटर की ओर खींच लिया। उन्होंने थिएटर में न केवल अभिनय किया बल्कि बैकस्टेज वर्कर के तौर पर भी कड़ी मेहनत की। उनकी किस्मत तब बदली जब 'तारक मेहता...' के लेखक जितेंद्र परमार ने उन्हें एक नाटक में गुंडे का रोल दिलाया। दिलचस्प बात यह है कि उस नाटक में शो के मुख्य अभिनेता दिलीप जोशी लीड रोल में थे। वहीं से उनकी प्रतिभा को पहचाना गया और उनके लिए टेलीविजन के दरवाजे खुल गए।

## बदल जाएगा बैडमिंटन में प्वाइंट सिस्टम, 21 Points नियम होगा खत्म; पीवी सिंधु समेत भारतीय प्लेयर्स ने जाहिर की नाखुशी..


डेस्क जगप्रेरणा।

***बैडमिंटन के खेल में पिछले काफी समय से स्कोरिंग सिस्टम में बदलाव को लेकर चर्चा देखने को मिल रही थी, जिसको लेकर आखिरकार 25 अप्रैल को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन यानी बीडब्ल्यूएफ ने अपना फैसला सुना दिया। बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने स्कोरिंग सिस्टम में बदलाव का ऐलान करते हुए 3×15 प्वाइंट सिस्टम को आधिकारिक रूप से अपनाने का फैसला ले लिया।***

अभी बैडमिंटन में 3म21 पॉइंट्स फॉर्मेट के तहत मुकाबले खेले जाते हैं। वहीं बीडब्ल्यूएफ के इस फैसले को लेकर पीवी सिंधु सहित कई भारतीय प्लेयर्स ने अपनी नाखुशी को भी जाहिर किया है जो नए स्कोरिंग सिस्टम से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं।

### नया स्कोरिंग सिस्टम जनवरी में होगा लागू..

डेनमार्क के हॉर्सन्स में हुई बीडब्ल्यूएफ वार्षिक आम बैठक के दौरान बैडमिंटन में नए स्कोरिंग सिस्टम 3म15 को अपनाने वाले प्रस्ताव को दो-तिहाई बहुमत से पास कर दिया गया। अब ये प्वाइंट सिस्टम अगले साल की शुरुआत में 4 जनवरी से लागू कर दिया जाएगा।



इसी के साथ पिछले दो दशकों से चल रहे 3म21 पॉइंट्स फॉर्मेट का अंत हो जाएगा। बैडमिंटन में इस नए स्कोरिंग सिस्टम के तहत अब मैच 21 की जगह 15 पॉइंट्स के तीन गेम्स में खेले जाएंगे। **BWF** की अध्यक्ष खुनिंग पटामा लीस्वदत्राकुल ने इस फैसले को बैडमिंटन के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताया और कहा कि खेल को अगली पीढ़ी के लिए विकसित होना जरूरी है।

### साइन नेहवाल और पीवी सिंधु ने जताई नाखुशी..

भारतीय बैडमिंटन प्लेयर्स ने बीडब्ल्यूएफ के इस नए स्कोरिंग सिस्टम का ऐलान होने के बाद अपनी नाखुशी को जाहिर किया है, जिसमें पीवी सिंधु और साइना नेहवाल दोनों का नाम शामिल है। इसमें साइना ने कहा कि सुधार की दौड़ में खेल अपनी असलियत न खो दे। इसके अलावा दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और पूर्व मुख्य कोच विमल कुमार नाम भी शामिल है जिन्होंने नए नियम को लेकर नाखुशी जाहिर की है। इसमें विमल कुमार ने कहा कि बीडब्ल्यूएफ के स्कोरिंग प्रणाली में बदलाव करने के फैसले से मैं बेहद निराश हूं। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने इसका भरपूर समर्थन किया है। यह देखकर दुख होता है कि एक ऐसा खेल जिसे विशेष रूप से पूरे एशिया में इतनी शिद्दत से पसंद किया जाता है, उसे ऐसे कारणों से बदला जा रहा है जो इसकी वास्तविक चुनौतियों का समाधान नहीं करते।

## फिल्म रिलीज से पहले शिवाजी महाराज के मंदिर पहुंचे रितेश देशमुख, पत्नि जेनेलिया डिसूजा भी दिखीं साथ..

डेस्क जगप्रेरणा।

***स्टार कपल रितेश देशमुख और जेनेलिया देशमुख अपनी आगामी फिल्म 'राजा शिवाजी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। प्रमोशन के सिलसिले में रितेश और जेनेलिया ने रविवार को भिवंडी स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। रितेश द्वारा निर्देशित यह ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत को दर्शाती है।***

फिल्म में रितेश ने छत्रपति शिवाजी महाराज की मुख्य भूमिका निभाई है। संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, भाग्यश्री, महेश मांजरेकर और बोमन ईरानी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

### पत्नी जेनेलिया भी साथ आईं नजर..

एक भव्य सिनेमाई पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म ज़बरदस्त एक्शन, समृद्ध विश्व-निर्माण और उत्कृष्ट तकनीकी उत्कृष्टता का संगम है। प्रसिद्ध जोड़ी अजय-अतुल के संगीत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त संतोष सिवन की छायांकन के साथ, राजा शिवाजी एक शानदार दृश्य अनुभव और गहन भावनात्मक प्रभाव प्रस्तुत करने के लिए तैयार है। हाल ही में ट्रेलर लॉन्च के दौरान, रितेश और जेनेलिया फिल्म के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए। रिटेश ने बाद में फिल्म निर्माण की पूरी यात्रा में उनका साथ देने और समर्थन करने के लिए जेनेलिया को धन्यवाद दिया। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत और मुंबई फिल्म कंपनी के बैनर तले ज्योति देशपांडे और जेनेलिया देशमुख द्वारा निर्मित, राजा शिवाजी 1 मई को मराठी, हिंदी और तेलुगु भाषाओं में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



### रिलीज से पहले ही विवादों में घिरी फिल्म?

फिल्म रिलीज से पहले ही इसको लेकर काफी विवाद देखने को मिल रहा है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था जिसमें एक नख वाले सीन को लेकर भी लोगों ने रितेश को ट्रोल किया था। अब फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है और दर्शक भी इसको लेकर उत्साहित हैं। अब देखना होगा कि क्या रितेश की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखा पाती है या नहीं। फिल्म में रितेश के साथ जेनेलिया ने भी दमदार किरदार निभाया है। फिल्म के ट्रेलर में इसकी कहानी की झलकियां देखने को मिल रही हैं। फिल्म में संजय दत्त ने भी दमदार रोल निभाया है और इस फिल्म के लिए मेकर्स भी काफी उत्साहित हैं।

## पुणे में राष्ट्रीय मास्टर्स चैंपियनशिप मैच के दौरान गिरने से तमिलनाडु के टेबल टेनिस खिलाड़ी की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***तमिलनाडु के आईएम लुइस राज की रविवार को यहां 32वीं राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस चैंपियनशिप के दौरान कोर्ट पर मैच खेलते हुए अचानक गिर जाने से मौत हो गई। राज 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग श्रेणी में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। वह महालुंगे-बालेवाड़ी स्थित श्री शिव छत्रपति खेल परिसर में आंध्र प्रदेश के वीवी रमना के खिलाफ अपना तीसरे दौर का एकल मैच खेल रहे थे तभी यह घटना हुई।***



राज 2-0 की बढ़त बनाने के बाद तीसरे गेम में 5-4 से आगे चल रहे थे तभी दोपहर करीब 12.15 बजे वह अचानक गिर पड़े। स्थल पर तैनात पैरामेडिक्स ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और सीपीआर तथा 'चेस्ट कम्प्रेशन' सहित आपातकालीन प्रक्रियाएं शुरू कीं।

राज ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी इसलिए उन्हें कुछ ही मिनटों के भीतर पास के एक अस्पताल में ले जाया गया जो आयोजन स्थल से लगभग दो किलोमीटर दूर था। वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनकी मृत्यु का कारण दिल के दौरे को बताया गया है। उस समय तमिलनाडु से उनके साथी खिलाड़ी उनके साथ ही थे। उनके साथी खिलाड़ियों ने जल्द ही चेन्नई में उनके परिवार को इस बारे में सूचित कर दिया। बाद में हुए पोस्टमार्टम परीक्षण में मृत्यु का कारण दिल का दौरा पड़ने की पुष्टि हुई। उनके पार्थिव शरीर को चेन्नई ले जाने की व्यवस्था की जा रही है।

पुणे जिला टेबल टेनिस संघ और महाराष्ट्र राज्य टेबल टेनिस संघ ने गहरा शोक व्यक्त किया और राज को एक समर्पित खिलाड़ी तथा मृदुभाषी व्यक्ति के रूप में याद किया जो खेल के मैदान में हमेशा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखते थे। टीटीएफआई की अध्यक्ष मेघना अहलावत ने भी राष्ट्रीय संस्था की ओर से वेटरन्स समिति, तमिलनाडु टेबल टेनिस संघ और व्यापक टेबल टेनिस समुदाय के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और इस समुदाय के एक सम्मानित सदस्य के खोने पर शोक जताया।

## बेटे की फिल्म के लिए जमी महफिल में भावुक हुए आमिर खान, टपकने लगे आंसू, साई पल्लवि बनीं सहारा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान बीते साल अपनी फिल्म 'सितारे जमीं पर' नजर आए थे। इसके बाद लगातार 3 फिल्मों में उन्होंने कैमियो का रोल किया। इसके साथ ही खूब इंटरव्यू भी दिए लेकिन***



आज रविवार को जो आमिर खान का रूप देखने को मिला वो काफी अलग था। गुलाबी टीशर्ट में बैठे आमिर खान अपनी आंखों से आंसू नहीं रोक पाए। मौका था बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' के प्रमोशन ईवेंट का। इस ईवेंट में पहुंचे आमिर की आंखों से आंसू टपके तो फिल्म की हीरोइन साई पल्लवि ने उन्हें पोंछने के लिए सहारा दिया। दरअसल आमिर खान 'एक दिन की महफिल' नाम के ईवेंट में पहुंचे थे जो आयोजित किया गया था उनके बेटे जुनैद की फिल्म 'एक दिन' के प्रमोशन के लिए। आज मुंबई में एक दिन की महफिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक प्रस्तुति के समय आमिर खान भावुक हो गए। उन्हें रोते और गाना गुनगुनाते देखा गया। इस दौरान साई पल्लवी और जुनैद खान उनसे बात करते हुए नजर आए।

### आमिर खान ने खुद संभाला इंतजाम..

एक दिन की महफिल शुरू होने से ठीक पहले, उन्होंने खुद सारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया ताकि सब कुछ बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से चले। कार्यक्रम का उनका एक वीडियो ऑनलाइन सामने आया है, जिसमें वे उपस्थित लोगों और पैपराजी से हाथ जोड़कर विनती करते नजर आ रहे हैं। आमिर खान पैपराजी और अन्य उपस्थित लोगों से अपनी-अपनी सीटों पर बैठने का अनुरोध कर रहे थे ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से शुरू हो सके। हालांकि, उन्होंने यह अनुरोध इतनी विनम्रता से किया कि सोशल मीडिया पर उनकी खूब प्रशंसा हो रही है और वीडियो वायरल हो गया है। यह कार्यक्रम फिल्म 'एक दिन' के टाइटल ट्रैक का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया था। इस पहल के तहत उभरते हुए कलाकारों को फिल्म के टाइटल ट्रैक को रिकॉर्ड करने और साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया था, विजेताओं को अब आमिर खान और 'एक दिन' की कास्ट के सामने लाइव परफॉर्म करने का मौका मिला है।

### 1 मई को रिलीज हो रही फिल्म..

आमिर खान के अलावा, साई पल्लवी और जुनैद खान भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। यह फिल्म 1 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह एक रोमांटिक प्रेम कहानी है। सुनील पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण आमिर खान प्रोडक्शन के बैनर तले किया गया है। रामायण फिल्म में सीता का रोल निभा रहीं साई पल्लवि की भी ये बॉलीवुड डेब्यू फिल्म है।

वहीं जुनैद इससे पहले 2 फिल्मों में काम कर चुके हैं। हालांकि ये दोनों ही फिल्में कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई हैं। अब देखना होगा कि क्या इस जोड़ी को लोगों का प्यार मिलता है या नहीं।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433






# भारत - न्यूजीलैंड के बीच एफटीए संपन्न, 100 प्रतिशत निर्यात को मिलेगी शुल्क-मुक्त पहुंच..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारत और न्यूजीलैंड ने सोमवार को 'पीढ़ियों में एक बार' होने वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत भारतीय निर्यात को न्यूजीलैंड में 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी।***

समझौते पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टॉड मैक्ले ने हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के इस साल के अंत तक लागू होने की उम्मीद है, जिसके लिए न्यूजीलैंड की संसद की मंजूरी लेनी जरूरी होगी, जबकि भारत में इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल स्वीकृति देता है।

इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड ने भारत में अगले 15 वर्षों के भीतर 20 अरब डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की प्रतिबद्धता जतायी है। इससे पहले यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौते में भी 100 अरब डॉलर का निवेश वादा किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस व्यापार समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि यह एफटीए किसानों, युवाओं, महिलाओं, एमएसएमई, कारीगरों, स्टार्टअप एवं नवाचार करने वालों को लाभ पहुंचाएगा तथा कृषि, विनिर्माण एवं प्रौद्योगिकी में सहयोग को मजबूत करेगा।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इसे 'पीढ़ियों में एक बार' होने वाला समझौता करार देते हुए कहा कि इससे निर्यातकों को 1.4 अरब लोगों के भारतीय बाजार तक अभूतपूर्व पहुंच मिलेगी।

यह करार पांच वर्षों में द्विपक्षीय वस्तु एवं सेवा व्यापार को दोगुना कर पांच अरब डॉलर तक पहुंचाने में मदद करेगा। वर्तमान में यह आंकड़ा करीब 2.4 अरब डॉलर है।



इस समझौते के तहत भारत के वस्त्र, परिधान, चमड़ा, जूते, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद और प्रसंस्कृत खाद्य जैसे निर्यातों को न्यूजीलैंड में पूर्ण शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। पहले न्यूजीलैंड इन पर 10 प्रतिशत तक शुल्क लगाता था।

दूसरी तरफ भारत ने न्यूजीलैंड के लिए लगभग 70 प्रतिशत शुल्क श्रेणियों पर रियायत दी है, जो द्विपक्षीय व्यापार के 95 प्रतिशत मूल्य को कवर करती हैं।

हालांकि कुछ उत्पादों को समझौते के दायरे से बाहर भी रखा गया है। इनमें डेयरी (दूध, मलाई, दही, पनीर), पशु उत्पाद (भेड़ के मांस को छोड़कर), कृषि वस्तुएं (प्याज, चना, मटर, मक्का, बादाम), चीनी, कृत्रिम शहद, पशु/वनस्पति वसा एवं तेल, हथियार एवं गोला-बारूद, रत्न एवं आभूषण, तांबा एवं उससे बने उत्पाद (कैथोड, कार्ट्रिज, रॉड, कॉइल) तथा एल्युमीनियम एवं उससे जुड़े उत्पाद शामिल हैं।

दूसरी तरफ भारत न्यूजीलैंड के कुछ उत्पादों जैसे लकड़ी, कोकिंग कोल, धातु स्क्रैप, भेड़ का मांस और कच्ची खाल को शुल्क-मुक्त पहुंच देगा। वहीं न्यूजीलैंड से आने वाले पेट्रोलियम तेल, वनस्पति तेल और मशीनरी पर शुल्क चरणबद्ध तरीके से कम किए जाएंगे।

कुछ उत्पादों जैसे मनुका शहद, सेब और कीवी पर कोटा-आधारित रियायतें दी गई हैं, जिनमें न्यूनतम आयात मूल्य और अन्य सुरक्षा उपाय शामिल हैं ताकि घरेलू किसानों के हितों की रक्षा हो सके।

सेवाओं के क्षेत्र में भारत को कंप्यूटर, दूरसंचार, वित्त, शिक्षा, पर्यटन और पेशेवर सेवाओं सहित 118 क्षेत्रों में बाजार पहुंच मिलेगी, जबकि 139 उप-क्षेत्रों में 'सर्वाधिक तरजीही देश' (एमएफएन) का प्रावधान होगा।

समझौते में भारतीय पेशेवरों के लिए 5,000 वीजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें आईटी, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य, शिक्षा, योग और अन्य कुशल क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

साथ ही, न्यूजीलैंड ने पहली बार छात्रों के लिए विशेष आवाजाही सिद्धांत और अध्ययन के बाद कामकाजी वीजा देने का भी प्रावधान किया है।

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 1.3 अरब डॉलर रहा, जिसमें भारत का निर्यात 71.11 करोड़ डॉलर और आयात 58.71 करोड़ डॉलर रहा। वहीं, 2024 में वस्तु एवं सेवाओं का कुल व्यापार लगभग 2.4 अरब डॉलर रहा, जिसमें केवल सेवाओं का व्यापार 1.24 अरब डॉलर रहा।

न्यूजीलैंड को होने वाले भारत के प्रमुख निर्यातों में विमानन ईंधन, दवाएं, मोटर वाहन, पेट्रोलियम उत्पाद, रेडीमेड परिधान और मशीनरी शामिल हैं। वहीं आयात में लकड़ी एवं लकड़ी उत्पाद, लोहा-इस्पात, कच्चा ऊन, डेयरी उत्पाद, धातु स्क्रैप, कोयला और कृषि से जुड़े उत्पाद शामिल हैं।

इस समझौते के लिए दोनों देशों के बीच बातचीत का दौर दिसंबर, 2025 में पूरा हुआ था।

एफटीए पर हस्ताक्षर के समय गोयल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में 38 विकसित देशों को समाहित करने वाला यह भारत का नौवां व्यापार समझौता है।

उन्होंने कहा, ÷इस समझौते का केंद्रबिंदु निर्यात को बढ़ावा देना, कृषि उत्पादकता में सुधार, छात्र गतिशीलता, कौशल विकास, निवेश और सेवाओं को सशक्त करना है।÷

न्यूजीलैंड में इस समझौते को लेकर कुछ राजनीतिक विरोध भी सामने आया है, हालांकि लक्सन सरकार ने संसद में इसे पारित कराने के लिए पर्याप्त समर्थन होने का भरोसा जताया है।

न्यूजीलैंड के 40 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे मैक्ले ने इसे उच्च गुणवत्ता वाला एफटीए बताते हुए कहा कि इससे व्यापार में बाधाएं कम होंगी, स्पष्ट नियम बनेंगे और व्यवसायों के लिए आपसी संबंध स्थापित करना आसान होगा।

# मुख्यमंत्री नायडू का केंद्र से मक्का खरीदने का आग्रह..



अमरावती, (भाषा)।

***आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को केंद्र सरकार से मक्का खरीदने और कीमतों में गिरावट से जूझ रहे किसानों को मदद देने के लिए तुरंत कदम उठाने की अपील की।***

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को लिखे एक पत्र में, नायडू ने वर्ष 2025-26 के रबी मौसम में पैदा हुए मक्के को खरीदने और 'मूल्य कमी भुगतान योजना' के तहत किसानों को लाभ देने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

नायडू ने एक बयान में कहा, ''मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि वे मक्का किसानों को खरीद सुनिश्चित करके और 'प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान' (पीएम-आशा) योजना के तहत कीमतों में अंतर की भरपाई करके मदद करें।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश में मक्का किसान बहुत मुश्किल में हैं, क्योंकि बाजार में कीमतें लगातार गिर रही हैं। मौजूदा कीमतें 1,600 से 1,700 रुपये प्रति क्विंटल के बीच हैं, जो न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,400 रुपये प्रति क्विंटल से काफी कम हैं।

उन्होंने कहा कि इस मौसम में राज्य में लगभग 42 लाख टन मक्का पैदा होने की उम्मीद है, जबकि 14.2 लाख टन मक्का अभी भी खेतों में कटाई के लिए तैयार है।

नायडू ने केंद्र से पीएम-आशा योजना के तहत कीमतों में अंतर के लिए किसानों को सीधे मुआवजा देने की अपील की और अनुरोध किया कि आंध्र प्रदेश के मामले को एक विशेष मामले के तौर पर देखा जाए।

उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार कीमतों में अंतर के भुगतान के लिए जरूरी 100 प्रतिशत धनराशि खुद वहन करे और इस योजना को जून 2026 तक बढ़ाने की भी अपील की।

मुख्यमंत्री ने मक्का किसानों को समय पर राहत सुनिश्चित करने के लिए, 'नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफइंडिया लिमिटेड' (नाफेड) और 'आंध्र प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड' (एपी मार्कफेड) के साथ मिलकर इस योजना को लागू करने के लिए तुरंत मंजूरी देने का भी अनुरोध किया।

# अफवाहों के कारण पेट्रोल-डीजल खरीदने की होड़, सरकार ने कहा आपूर्ति पर्याप्त..



नई दिल्ली, (भाषा)।

सरकार ने सोमवार को कहा कि देश के कुछ हिस्सों में अफवाहों के कारण पेट्रोल और डीजल खरीदने की होड़ मच गई, जिससे मांग में असाधारण उछाल आया। साथ ही स्पष्ट किया कि जरूरतों को पूरा करने के लिए ईंधन का पर्याप्त भंडार है।

खबरों के अनुसार आंध्र प्रदेश के कई शहरों में कीमतों में तत्काल वृद्धि की अफवाहों के कारण ईंधन खरीदने की होड़ मच गई, जिससे कमी पैदा हुई और रविवार को 400 से अधिक पेट्रोल पंप खाली हो गए।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमने कुछ क्षेत्रों में असाधारण वृद्धि देखी है...। डीजल जैसे ईंधन की मांग में 30-33 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यही कारण है कि कुछ खुदरा बिक्री केंद्रों को समस्याओं का सामना करना पड़ा।''

हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि तेल कंपनियां समस्या का समाधान कर रही हैं। उन्होंने कहा, ''उपलब्धता की कोई समस्या नहीं है। हमारे पास पर्याप्त भंडार है।''

अफवाहों के कारण कुछ खुदरा बिक्री केंद्रों पर घबराहट में खरीदारी देखे जाने के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित कर रही हैं।

उन्होंने कहा, ''पीएसयू खुदरा बिक्री केंद्र सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी से बचें क्योंकि सरकार इनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास कर रही है।''

हालांकि उन्होंने अफवाहों के बारे में विस्तार से नहीं बताया, लेकिन 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में मतदान का अंतिम चरण पूरा होने के बाद कीमतों में वृद्धि की चर्चाओं ने इस स्थिति को जन्म दिया होगा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल के बावजूद भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है और सरकारी तेल कंपनियां इसका प्रभाव खुद झेल रही हैं। हालांकि, विश्लेषक सवाल उठा रहे हैं कि सरकारी समर्थन के बिना तेल कंपनियां कब तक कीमतों को स्थिर रख पाएंगी।

शर्मा ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद भारत ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखी है।

# लागत से कम दाम पर बिकवाली से आयातित तेलों में गिरावट..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***आयातकों द्वारा बंदरगाहों पर लागत से कम दाम पर बिकवाली करने से सोमवार को विशेषकर सोयाबीन तेल तथा पाम-पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट आई। इस कम दाम पर बिकवाली के कारण बाजार धारणा***

खराब होने की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल में भी गिरावट रही। सामान्य एवं सुस्त कामकाज के बीच सरसों तेल-तिलहन और सोयाबीन तिलहन के दाम स्थिर बने रहे।

मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट का रुख है जबकि शिकागो एक्सचेंज में घट-बढ़ जारी है।

बाजार सूत्रों ने कहा कि बैंकों में अपना ऋण साखपत्र घुमाने के चक्कर में पैसों की तंगी का सामना कर रहे आयातक बंदरगाहों पर लागत से नीचे दाम पर आयातित सोयाबीन डीगम और पाम-पामोलीन तेल बेच देते हैं। कांडला बंदरगाह पर बगैर मुनाफे के सोयाबीन डीगम तेल की लागत 129 रुपये किलो बैठती है और इसे 124 रुपये किलो बेचा जा रहा है।

इसी प्रकार पामोलीन तेल के आयात की लागत है 145 रुपये किलो जिसे 140 रुपये किलो बेचा जाता है। इस लागत से कम दाम पर बिकवाली से कारोबारी धारणा प्रभावित होती है और इसी कारण मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दाम में भी गिरावट देखी जा रही है।

सूत्रों ने कहा कि इस तरह से कम दाम पर बिकवाली आयातकों की कमजोर आर्थिक हालात का सूचक है। तेल संगठनों और समीक्षकों का इस बात की ओर ध्यान जाना चाहिये कि खाद्यतेल की कमी वाले इस देश में ऐसी क्या मजबूरी है कि आयातकों को लागत से नीचे दाम पर अपने सौदे निपटाने पड़ रहे हैं। यह बाजार के लिए और तेल-तिलहन कारोबार से जुड़े सभी अंशधारकों के लिए बुरी स्थिति है।

सामान्य व सुस्त कामकाज के बीच सरसों तेल-तिलहन और सोयाबीन तिलहन के दाम स्थिर रहे।

## तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे :

सरसों तिलहन - 6,840-6,865 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,650-7,125 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,500-2,800 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 14,200 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,375-2,475 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,375-2,520 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,850 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,400 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,325 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 14,800 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,250 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,000 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 6,150-6,200 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 5,800-5,875 रुपये प्रति क्विंटल।


**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*


# भूमिहीन नहीं होंगे किसान, सभी को बनाया जाएगा टाउनशिप का भागीदार: प्रधान सचिव..



पटना, (भाषा)।

***बिहार सरकार ने राज्य में नियोजित शहरीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 11 नये सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने का निर्णय लिया है। नगर विकास एवं आवास विभाग***

के प्रधान सचिव विनय कुमार ने सोमवार को कहा कि इस योजना के तहत किसानों और भूमि मालिकों को भागीदार बनाया जाएगा तथा कोई भी भूमिहीन नहीं होगा। प्रस्तावित 11 सैटलाइट टाउनशिप का विकास टाउन प्लानिंग स्कीम (टीपीएस) के तहत भूमि-पूलिंग व्यवस्था के आधार पर किया जाएगा।

सूचना भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रधान सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ने बिहार टाउन प्लानिंग स्कीम नियमावली, 2025 के तहत इन टाउनशिप के विकास का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल आधारभूत संरचना निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि भूमि मालिकों को सशक्त बनाने का माध्यम भी है।

उन्होंने बताया कि योजना क्षेत्र की प्रत्येक भूमि को चौड़ी सड़क, बिजली, ड्रेनेज और सीवर जैसी सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। बिखरे और अनियमित भूखंडों को व्यवस्थित कर उनकी उपयोगिता और बाजार मूल्य बढ़ाया जाएगा। नियमित आकार के भूखंड मिलने से निर्माण कार्य भी आसान होगा। प्रधान सचिव ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य भूमि मालिकों को विकसित भूमि का अधिकतम हिस्सा वापस देना है। इसके तहत 55 प्रतिशत विकसित भूमि वापस दी जाएगी, जबकि 22 प्रतिशत भूमि सड़क और बुनियादी ढांचे के निर्माण, पांच प्रतिशत भूमि पार्क, हरियाली और सार्वजनिक सुविधाओं तथा तीन प्रतिशत भूमि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के आवास के लिए उपयोग में लाई जाएगी। शेष 15 प्रतिशत भूमि विकास लागत की भरपाई के लिए रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास के बाद भूमि के बाजार मूल्य में कई गुना वृद्धि होती है, जिससे भूमि मालिकों के आर्थिक हित सुरक्षित रहते हैं। जो लोग किसी कारणवश शहर नियोजन योजना का हिस्सा नहीं बनना चाहते, उन्हें आपसी सहमति के आधार पर मुआवजा, टीडीआर (विकास अधिकार) अथवा विकसित भवन में हिस्सेदारी का विकल्प दिया जाएगा। विनय कुमार ने कहा कि प्रस्तावित टाउनशिप क्षेत्रों में भूमि खरीद-बिक्री पर लगाया गया अस्थायी प्रतिबंध किसानों और भूमि मालिकों के हितों की रक्षा के लिए है, ताकि बिचौलिये कम कीमत पर जमीन न खरीद सकें। योजना पूरी होने और आधारभूत संरचना तैयार होने के बाद भूमि मालिक अपनी संपत्ति को बेहतर मूल्य पर बेचने या विकसित करने के हकदार होंगे। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होगी और मसौदा योजना से लेकर भूखंडों के पुनर्गठन तक प्रत्येक चरण में भूमि मालिकों तथा आम जनता से परामर्श लिया जाएगा।







**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## राघव चड्ढा ने क्यों छोड़ी आम आदमी पार्टी? वीडियो जारी कर बताया- 'सभी सातों सांसद नहीं हो सकते गलत'..

डेस्क जगप्रेरणा।

***आम आदमी पार्टी (AAP) छोड़ने के फैसले पर कुछ हलकों में सवाल उठाए जाने के बीच, राघव चड्ढा का नया वीडियो सामने आया है। राघव चड्ढा ने बीजेपी ज्वाइन करने के बाद पहली बार खुलकर बोले हैं। सोमवार को वीडियो जारी कर राघव चड्ढा ने कहा कि***



अरविंद केजरीवाल की पार्टी के अंदर का माहौल खराब हो चुका था और नेताओं को काम करने से रोका जा रहा था। चड्ढा ने कहा कि 'एक या दो व्यक्ति गलत हो सकते हैं, लेकिन सभी सात नहीं।'

### कुछ लोग जानना चाहते थे फैसले का कारण- राघव चड्ढा..

छह अन्य सांसदों के साथ भारतीय जनता पार्टी (BJP) में शामिल हुए राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि पिछले तीन दिनों में उन्हें कई संदेश मिले हैं। उन्होंने कहा कि कुछ संदेशों में लोगों ने उन्हें बधाई दी जबकि कुछ उनके इस फैसले का कारण जानना चाहते हैं।

### जवानी के दिए 15 साल..

चड्ढा ने बताया कि उन्होंने एक सफल चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में अपना करियर छोड़कर राजनीति में कदम रखा और आम आदमी पार्टी के एक संस्थापक सदस्य बने। उन्होंने पार्टी को खड़ा करने के लिए अपनी जवानी के 15 साल लगा दिए।

### अब पहले जैसी नहीं रही पार्टी..

उन्होंने कहा, 'मैं राजनीति में करियर बनाने नहीं आया था।' उन्होंने कहा कि उन्होंने पार्टी के लिए अपना 'खून-पसीना बहाया है।' उन्होंने आरोप लगाया कि हालांकि, पार्टी अब पहले जैसी नहीं रही और पार्टी में माहौल खराब हो गया है, जहां नेताओं को काम करने से और संसद में बोलने से रोका जाता है।

### कुछ लोगों के हाथों में फंसा हुआ है ये दल..

चड्ढा ने आरोप लगाया, 'आज यह राजनीतिक दल कुछ भ्रष्ट और समझौता किए हुए लोग लोगों के हाथों में फंसा हुआ है। वे देश के लिए नहीं, बल्कि अपने निजी लाभ के लिए काम करते हैं।' उनके इस आरोप पर आम आदमी पार्टी (AAP) की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

### गलत पार्टी में सही व्यक्ति..

राज्यसभा सदस्य चड्ढा ने कहा कि पिछले कुछ सालों से उन्हें ऐसा लग रहा था कि वे 'गलत पार्टी में सही व्यक्ति' हैं और उनके पास केवल तीन विकल्प बचे थे - राजनीति छोड़ देना, पार्टी में रहकर स्थिति सुधारने का प्रयास करना या अपनी ऊर्जा और अनुभव को किसी अन्य मंच पर ले जाकर 'सकारात्मक राजनीति' जारी रखना।

### नए राजनीतिक दल में उठाएंगे मुद्दे..

उन्होंने कहा, 'इसीलिए मैंने अकेले नहीं, बल्कि छह अन्य सांसदों के साथ मिलकर इस राजनीतिक दल से संबंध तोड़ने का फैसला किया।' चड्ढा ने कहा कि अगर लोगों को काम करने से रोका जाता है, तो उनकी मेहनत दब जाती है

और उन्हें चुप करा दिया जाता है। ऐसे माहौल को छोड़ देना ही सही निर्णय है।' इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वे आम नागरिकों के मुद्दों को और अधिक ऊर्जा और उत्साह के साथ उठाते रहेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई की कि नए राजनीतिक मंच पर वे अधिक प्रभावी ढंग से समाधान खोजकर उन्हें लागू कर सकेंगे।

### इन लोगों के साथ राघव चड्ढा ने छोड़ी थी AAP..

बता दें कि राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने 24 अप्रैल को घोषणा की कि वे पार्टी के चार अन्य सांसदों के साथ भाजपा में शामिल हुए थे। आम आदमी पार्टी छोड़ने वाले अन्य सदस्य हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, स्वाति मालीवाल और विक्रमजीत साहनी हैं। चड्ढा ने एक संवाददाता सम्मेलन में भारतीय संविधान का हवाला देते हुए कहा था कि किसी भी पार्टी के दो-तिहाई सांसद दूसरी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। शुक्रवार को सातों सांसदों ने राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर उन्हें भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी का सदस्य माने जाने का अनुरोध किया था और सूत्रों के अनुसार, उनका अनुरोध स्वीकार कर लिया गया है।

## रिसेवाड़ा में विवाहित महिला की संदिग्ध मौत
## पति पर हत्या का आरोप — पुलिस जांच में जुटी..

जगप्रेरणा लांजी/बहेला।

***बहेला थाना क्षेत्र के ग्राम रिसेवाड़ा में एक 27 वर्षीय विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान नंदनी नाईक, पति योगराज उर्फ योगेश उर्फटेम्पु नाईक के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने पति पर मारपीट कर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है, जबकि पुलिस फिलहाल मामले को संदिग्ध मौत मानते हुए जांच कर रही है।***





प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 26 अप्रैल 2026 की रात लगभग 9 बजे की है, जब नंदनी अपने घर (वार्ड नंबर 11, रिसेवाड़ा) के कमरे में मृत अवस्था में पाई गई। सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

मृतका के पिता रामू टेकाम (55 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 16, रिसेवाड़ा ने पुलिस को दिए मर्ग इंटीमेशन में बताया कि उनकी बेटी ने करीब 7-8 वर्ष पूर्व गांव के ही योगराज उर्फयोगेश उर्फटेम्पु के साथ भागकर मंदिर में विवाह किया था। विवाह के बाद से वह ससुराल में ही रह रही थी। दंपति के दो छोटे बच्चे हैं – बेटा वंश और बेटी मायरा। पिता ने आरोप लगाया कि विवाह के बाद से ही नंदनी का वैवाहिक जीवन विवादों से घिरा रहा। पति योगेश उसे मायके आने-जाने से रोकता था, जिससे अक्सर घरेलू विवाद होते थे। उन्होंने यह भी बताया कि कई बार गाली-गलौज और मारपीट की घटनाएं हुईं।

रामू टेकाम ने बताया कि 27 अप्रैल की सुबह उन्हें गांव में सूचना मिली कि उनकी बेटी की हत्या कर दी गई है। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि नंदनी के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे और खून बहा हुआ था। कमरे के भीतर भी खून के निशान पाए गए। इसके बाद उन्होंने तत्काल बहेला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

मामले की सूचना पर बहेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की। पुलिस ने मर्ग क्रमांक 10/2026 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला कायम कर लिया है। प्रारंभिक जांच प्रभारी एवं जांच अधिकारी संतोष रामासिंह द्वारा की जा रही है। साथ ही घटना की जानकारी एसडीएम लांजी को भी भेजी गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि महिला की मौत हत्या, आत्महत्या या अन्य किसी कारण से हुई है। वहीं, पुलिस ने पति योगराज उर्फयोगेश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

## लापता मां-बेटे की तलाश के दौरान घर के परिसर से मिले दो शव..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पुलिस ने इडुक्की जिले के नेदुमकंदम में एक घर के परिसर में दबे हुए दो शव बरामद किए हैं। पुलिस वहां रह रही एक लापता महिला और उसके बेटे की तलाश में तलाशी अभियान चला रही थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, नेदुमकंदम के कलकुंथल गांव स्थित थूतुवाकाडा निवासी 70 वर्षीय मैरीकुट्टी और उसके बेटे 48 वर्षीय रेजी की तलाश के दौरान पुलिस ने शव बरामद किये। अधिकारियों ने बताया कि दोनों के लापता होने का मामला दर्ज किया गया था।***

पुलिस के अनुसार, मैरीकुट्टी की बेटी सिनी द्वारा रविवार को दोनों के लापता होने की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, रविवार से मैरीकुट्टी का दूसरा बेटा साजी भी लापता है।


प्राथमिकी के मुताबिक, मैरीकुट्टी और रेजी दो अप्रैल से नहीं दिखे थे। अधिकारियों ने बताया कि साजी ने रिश्तेदारों को बताया था कि मैरीकुट्टी और रेजी दो अप्रैल को घर से चले गए थे और वापस नहीं लौटे। जांच के दौरान, पुलिस ने सोमवार सुबह घर के परिसर की तलाशी ली और वहां हाल ही में खोदे गए एक गड्ढे में मानव शरीर के अंग मिले।

पुलिस ने दोपहर में, फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मौजूदगी में, घर के पास एक गड्ढे में दफन दो शव बाहर निकाले। पुलिस के मुताबिक, शव सड़ी-गली अवस्था में थे और संदेह है कि वे एक पुरुष और एक महिला के हैं। उसके अनुसार, मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए शवों को शव-परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

शव लापता मां-बेटे के ही हैं या नहीं, इसकी पुष्टि के लिए डीएनए विश्लेषण भी किया जाएगा। घर का दौरा करने वाले जिला पुलिस प्रमुख के.एम. साबू मैथ्यू ने पत्रकारों को बताया कि साजी रविवार से लापता है।

उन्होंने बताया, 'हमें परिवार में झगड़े की जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर हमने घर की जांच की, तो संदिग्ध परिस्थितियां सामने आयीं। हमें संदेह है कि उनकी हत्या की गई है।' जांच को तेज करते हुए, पुलिस ने साजी का पता लगाने के लिए उसकी तस्वीर भी जारी की है।

## दक्षिण सूडान में प्लेन क्रैश
## विमान में सवार सभी 14 लोगों की मौत; कोई जिंदा नहीं बचा..



डेस्क जगप्रेरणा।

***इस वक्त की बड़ी खबर दक्षिण सूडान से सामने आ रही है। यहां दक्षिण सूडान की राजधानी के बाहरी इलाके में सोमवार को एक सेस्ना विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी 13 यात्री और पायलट की मौत हो गई। यह जानकारी देश के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने दी।***

प्राधिकरण ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि खराब मौसम के कारण कम दृश्यता होने से विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ होगा। अधिकारियों ने बताया कि विमान में सवार लोगों में दो केन्याई नागरिक थे, जबकि बाकी सभी दक्षिण सूडानी थे।

### कम दृश्यता की वजह से हुआ हादसा..

नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने जानकारी देते हुए बताया कि जुबा से लगभग 20 किलोमीटर (12 मील) दूर स्थित दुर्घटनास्थल पर सूचना जुटाने और आपातकालीन सेवाओं की सहायता के लिए एक टीम भेजी गई है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए दुर्घटनास्थल के वीडियो में विमान का मलबा आग की लपटों में घिरा दिखाई दे रहा है। वीडियो में स्थान पहाड़ी और धुंध भरा प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मौके पर आपातकालीन सेवाएं भेज दी गई हैं और मलबा हटाने का काम किया जा रहा है। मामले से जुड़ी अधिक जानकारी की प्रतिक्षा की जा रही है।


### दिल्ली एयरपोर्ट पर हादसा..

बता दें कि हाल ही में एक अन्य हादसे में दिल्ली एयरपोर्ट से ज्यूरिख जाने के लिए 'स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन्स' के एक विमान को उड़ान भरने के दौरान तकनीकी खराबी के कारण रोका गया। विमान में 232 यात्री सवार थे। विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि छह यात्रियों को चिकित्सीय सहायता दी जा रही है। सूत्रों के अनुसार, ए330 विमान से संचालित ज्यूरिख जाने वाली उड़ान एलएक्स147 के एक 'लैंडिंग गियर' की बाईं ओर से धुआं उठता देखा गया, जिसके बाद चालक दल ने उड़ान भरने की प्रक्रिया बीच में ही रोक दी और पूर्ण आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू कर दी गई।

## 18 महीने की बेटी को नाले में फेंक आई मां, बच्ची की मौत; महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार..

डेस्क जगप्रेरणा।

***राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा के फरीदाबाद से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपनी 18 महीने की बेटी को नाले में फेंक दिया। नाले में डूबने की वजह से बच्ची की मौत हो गई।***



बताया जा रहा है कि यह बच्ची महिला की छठी बेटी थी। महिला ने दावा किया कि उसने यह अपराध गरीबी के कारण अपने परिवार का भरण-पोषण करने में असमर्थ होने के कारण किया। पुलिस ने रविवार को इस पूरी घटना के बारे में जानकारी दी।

### जाली में फंसा था शव..

पुलिस ने बताया कि मामला फरीदाबाद के धीरज नगर के पास 23 अप्रैल का है। इसकी जानकारी तब हुई जब दो स्कूली बच्चों ने नाले के किनारे लोहे की जाली में फ्रसी बच्ची का शव देखा। पुलिस ने बताया कि शव को निकाल लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मामले की जांच कर रही क्राइम ब्रांच की टीम को एक सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसमें बच्ची की मां उसे गोद में लेकर इलाके में घूमती नजर आई। हालांकि जब वह लौटी तो वह अकेले थी।

### महिला ने कबूल किया अपराध..

फिलहाल पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ करने पर महिला ने बच्ची को नाले में फेंकने की बात कबूल कर ली। आरोपी महिला की पहचान बिहार के मधुबनी की रहने वाली नीलम के रूप में हुई है। महिला फरीदाबाद में अपने पति संजय के साथ रहती थी। संजय यहां एक निजी कंपनी में काम करता है। फिलहाल बच्ची की डूबने की वजह से मौत हो गई है।

### गरीबी के कारण नाले में फेंका..

वहीं एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान महिला ने कहा कि बच्ची उसकी छह बेटियों में सबसे छोटी थी और गरीबी के कारण उसे यह अपराध करने के लिए मजबूर होना पड़ा। अधिकारी ने बताया, 'उसने बताया कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है, और छह बेटियों के साथ, वह उनका ठीक से पालन-पोषण करने में असमर्थ थी।' फिलहाल पुलिस की टीम सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## फ्लैट लेने पर पार्टी नहीं दी तो व्यक्ति ने टैंपो चालक को आग लगाई..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***बाहरी दिल्ली के विजय विहार इलाके में 40 वर्षीय टेम्पो चालक को उसके परिचित ने कथित तौर पर इसलिए आग लगा दी, क्योंकि उसने फ्लैट लेने के बाद पार्टी देने और अधिक शराब दिलाने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।***

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मन्नू उर्फ राजा के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित टेम्पो चालक है और वह लगभग 60 से 70 प्रतिशत तक जल गया है और सफदरजंग अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी पीड़ित पर हाल में फ्लैट खरीदने के बाद पार्टी का दबाव डाल रहा था। 23 अप्रैल को दोनों दिल्ली मल्टी हॉस्पिटल के पास शराब पी रहे थे, तभी आरोपी ने और शराब की मांग की और पार्टी करने के लिए कहा।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, 'जब पीड़ित ने इनकार किया तो दोनों में बहस होने लगी। आरोपी ने उसे गालियां दीं, उसकी गाड़ी को नुकसान पहुंचाया और बाद में उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।' विजय विहार थाने में शाम करीब 6:10 बजे घटना की सूचना मिली। पुलिस के घटनास्थल पर पहुंचने तक, राकेश नामक घायल को राहगीरों ने बीएसए अस्पताल में भर्ती करा दिया था। राहगीरों ने आग बुझाने में भी मदद की।

अधिकारियों ने बताया कि बाद में उसे विशेष उपचार के लिए सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया।उन्होंने बताया कि संबंधित धाराओं में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया और राजा को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

## नैनीताल में वकील ने गोली मारकर की आत्महत्या..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तराखंड के नैनीताल में सोमवार को एक वकील ने अपनी कार में कथित रूप से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी।***



पुलिस ने बताया कि मल्लीताल के रहने वाले पूरन सिंह भाकुनी (55) का शव जिला न्यायालय परिसर में बनी पार्किंग में खड़ी उनकी कार की पिछली सीट पर मिला और उनकी कनपटी पर गोली लगने का घाव था। पुलिस ने बताया कि उनके हाथ से एक लाइसेंसी पिस्तौल और कार के डैशबोर्ड से आत्महत्या से पूर्व लिखा गया एक नोट भी बरामद हुआ है जिसमें उन्होंने कथित रूप से अवसाद से ग्रस्त होने का जिक्र किया है । हालांकि, पुलिस ने कहा कि नोट में लिखी बातों और उनकी मौत से संबंधित परिस्थितियों की पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो पाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजना नेगी ने बताया, 'हमें वकीलों के जरिए घटना की सूचना मिली। मृतक कार की पिछली सीट पर पड़ा था, उसके हाथ में पिस्तौल थी और कान के पास खून था।' उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच की जा रही है और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। नैनीताल के जिला सरकारी वकील सुशील शर्मा ने बताया कि भाकुनी सुबह नौ बजे घर से निकले थे और साढ़े नौ बजे उनका शव मिला। शर्मा ने कहा कि शव पिछली सीट पर था और किसी भी प्रकार की साजिश की आशंका को दूर करने के लिए मामले की गहन जांच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि नोटरी का काम करने वाले भाकुनी की शादी छह महीने पहले हुई थी।









जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा ग्रामीण
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गणेश भदाड़े आमगांव
मो. 7745823591

## पुराडा में 91 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे..

# कन्यादान योजना का अनुदान बढ़ाने के लिए प्रयास करेंगे - गृह राज्यमंत्री पंकज भोयर..

### सामूहिक विवाह समारोह में जनप्रतिनिधियों की बड़ी उपस्थिति, आदिवासी समाज में उत्साह..





जगप्रेरणा देवरी।

***ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों के गरीब परिवारों के विवाह योग्य युवक-युवतियों की शादी सुलभ हो सके, इस नेक उद्देश्य से पुराडा में हर साल की तरह इस वर्ष भी***

भव्य आदिवासी सामूहिक विवाह समारोह' उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस समारोह में कुल '91 जोड़े' विवाह के बंधन में बंधे। इस अवसर पर उपस्थित गृह राज्यमंत्री पंकज भोयर ने आश्वासन दिया कि, 'कन्यादान योजना के अनुदान में वृद्धि करने के लिए राज्य सरकार से लगातार अनुवर्ती कार्रवाई (फॉलो-अप) और आग्रह किया जाएगा।'

सविता संजय पुराम व मित्र परिवार तथा माँ धुकेश्वरी सार्वजनिक मंदिर समिति, देवरी के संयुक्त तत्वावधान में आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत इस भव्य आदिवासी सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया था।

### जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा..

विवाह समारोह में राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के दिग्गजों ने उपस्थिति दर्ज कराई और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। समारोह का उद्घाटन राज्यसभा सदस्य मायाताई इवनाते के हाथों और गृह राज्यमंत्री पंकज भोयर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विधायक संजय पुराम, सविता पुराम, जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, सांसद नामदेवजी किरसान, जिला परिषद उपाध्यक्ष सुरेश हर्षे, संगठन मंत्री वीरेंद्र अंजनकर, केशव मानकर, भैरसिंग नागपुरे, पंचायत समिति सभापति अनिल बिसेन, नगराध्यक्ष संजू उईके, कृषि उपज मंडी सभापति प्रमोद संगीडवार, भरतसिंग दुधनाग, रमेश ताराम, येशूलाल उपराडे, विजय शिवणकर, एडवोकेट प्रशांत संगीडवार, परियोजना अधिकारी उमेश काशीद, अनुविभागीय अधिकारी **(SDM)** कविता गायकवाड, तहसीलदार शुभम पाटिल सहित कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मंत्री महोदय के हाथों वधू-वरों को गृहस्थी के सामान का वितरण किया गया।

### अनुदान वृद्धि का आश्वासन..

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री पंकज भोयर ने कहा कि बढ़ती महंगाई के दौर में सामान्य परिवारों के लिए विवाह का खर्च वहन करना कठिन होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में सामूहिक विवाह समारोह समाज के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। शासन की कन्यादान योजना के तहत मिलने वाला अनुदान वर्तमान परिस्थितियों में अपर्याप्त लग रहा है, इसलिए इसमें वृद्धि करने के लिए हम मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से विशेष मांग करेंगे।

### पुराम दंपत्ति का सामाजिक उपक्रम..

कार्यक्रम की प्रस्तावना में सविता पुराम ने कहा कि ये विवाह समारोह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं हैं, बल्कि आदिवासी समाज की एकता और सांस्कृतिक विरासत का दर्शन कराते हैं।

विधायक संजय पुराम ने कहा कि बढ़ती महंगाई और कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण मजदूरी पर जीवन यापन करने वाले परिवारों पर आर्थिक बोझ न पड़े, इसके लिए हम हर साल सामूहिक आदिवासी विवाह समारोह का आयोजन करेंगे। उन्होंने इस अवसर पर मंत्री महोदय से कन्यादान योजना के तहत अनुदान बढ़ाने की मांग भी की।

दुर्गम क्षेत्र के आदिवासी भाइयों के लिए यह समारोह केवल एक कार्यक्रम न होकर एक पारिवारिक मिलन समारोह बन गया। सविता पुराम ने उपस्थित महिलाओं से संवाद किया और नवविवाहित जोड़ों को सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन चेतन उके ने किया और आभार प्रदर्शन एडवोकेट प्रशांत संगीडवार ने किया। इस आयोजन से गरीब परिवारों का आर्थिक बोझ कम होने के कारण उपस्थित अभिभावकों ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए संजय पुराम मित्र परिवार और कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम किया।

# प्रशासन का कार्य समाजसेवी कर रहे हैं

## समाजसेवी ने उठाया यात्री शेड का जिम्मा..

गणेश भदाडे जगप्रेरणा आमगांव।

***आमगांव-गोंदिया मार्ग पर पुराने बस स्टैंड पर यात्री शेड नहीं होने से आवागमन करने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।***




रापनि और आमगांव नप को बार-बार मांग करने के बावजू किसी ने भी यहां यात्री शेड नहीं बनाया। जिससे शहर के युवा सामाजिक कार्यकर्ता उमेश चर्तुवेदी एवं उनके मित्रों ने सामान्य नागरिकों की गंभीर समस्या का अपने स्तर पर ही समाधान करने का निश्चय किया। चर्तुवेदी ने अपने पिता एसटी के चालक रहे स्व. अमृतलाल चुर्तवेदी की स्मृति में अपने मित्रों के सहयोग से सड़क के दोनों ओर टीन के शेड बनवा दिए हैं। जिससे अब इन शेडों के नीचे खड़े रहकर अथवा बेंच पर बैठकर यात्री बसों की प्रतीक्षा करते हैं। इससे उन्हें भारी सुविधा हुई है। सामान्य नागरिकों की इस पहल के लिए यहां आने वाला हर यात्री उनकी सराहना किए बिना नहीं रहता। उन्होंने यह दिखा दिया कि यदि इच्छा शक्ति हो तो शासन की मदद के बिना का हल किया जा सकता है। भी सामान्य नागरिकों की बुनियादी समस्याओं आमगांव नगर तहसील मुख्यालय का मुख्य एसटी बस स्थानक आमगांव-सालेकसा मार्ग पर बनाया गया है। लेकिन यह नगर से 1 किलोमीटर से भी अधिक दूर होने के कारण सफेद हाथी साबित हो रहा है। यह बस स्थानक हमेशा सुनसान पड़ा रहता है एवं एसटी बस में सवार होने वाले 90 से 95 प्रतिशत यात्री आमगांव-गोंदिया मार्ग पर

पुराने बस स्थानक की जगह से ही आज भी एसटी बसों में चढ़ते-उतरते हैं और यहीं जगह यात्रियों के लिए सुविधाजनक है। लेकिन वर्षो से मांग किए जाने के बावजूद इस स्थान पर न तो एसटी महामंडल ने और न ही नगर परिषद ने यात्रियों की सुविधा के लिए कोई यात्री शेड बनाया। जिसके फ्लस्वरूप यात्रियों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं बुजुर्गो को सड़क पर खड़े रहकर ही बसों का प्रतीक्षा करनी पड़ रही थी। गर्मी, बरसात अथवा ठंड के मौसम में भी उन्हे बस के इंतजा में घंटों तक आसपास की दुकानों, होटलों एवं चाय टपरियों तथा पानठेलों में शरण लेनी पड़ती थी। बसों का रूकने का भी कोई स्थान सुनिश्चित नहीं होने के कारण बस चालक जहां जगह मिली वहीं बस रोक देते थे। ऐसे में आस-पास प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों को बस रूकने पर उसके पीछे दौड़ना पड़ता था। कुछ माह पूर्व नगर परिषद ने आमगांव-गोंदिया मार्ग पर पुराने बस स्थानक से कुछ आगे नहर के दोनों किनारों पर दो-दो सीमेंट की कुर्सियां रखवा दी थी एवं 'एसटीचा विनंती थांबा' का बोर्ड लगा दिया था। जिससे बसें वहां रूकने लगी। लेकिन प्रतीक्षा करने वाले यात्रियों की समस्या कायम रही। सड़क किनारे खुले में घंटों तक बसों की प्रतीक्षा करना बड़ी समस्या से कम नहीं था। गर्मी में बच्चों, महिलाओं, विद्यार्थियों को कड़ी धूप में खड़े रहकर बस का इंतजार करना पड़ रहा था। नगर परिषद प्रशासन से बार-बार मांग किए जाने के बावजूद इस स्थान पर यात्री शेड बनाने के लिए केवल आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।



### बोले सामाजिक कार्यकर्ता उत्तम नंदेश्वर..

चतुर्वेदी परिवार द्वारा किये गया यह कार्य बहुत की सराहनीय है, इस से संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने कुछ सिख लेना चाहिए, ताकि जनता जनार्धन के हित के कार्यों को प्रगति मिल सके, और होने वाली तकलीफों से छूटकारा मिल सकेगा।




# नेशनल हाईवे पर दोपहिया वाहन का एक्सीडेंट, चालक की मौत..

### देवरी पुलिस स्टेशन के तहत धोबीसराड इलाके की घटना..



जगप्रेरणा देवरी।

***रविवार ता. 26 अप्रैल, 2026 को रात 8:30 बजे के बीच मुंबई-कोलकाता नेशनल हाईवे नंबर 53 पर***

देवरी तालुका के गांव धोबीसराड इलाके में एक दोपहिया वाहन एक्सीडेंट में एक दोपहिया वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का नाम मुनेश्वर योगराज भोयर, उम्र 30, निवासी साधुटोला (चिचेवाड़ा), त. देवरी है।

वह अपने दोपहिया वाहन क्रं. नंबर **MH35AP 8801** पर देवरी से स्वागांव साधुटोला/ (चिचेवाड़ा), त. देवरी जा रहा था, तभी गांव धोबीसराड इलाके में एक अज्ञात वाहन ने मृतक के दोपहिया वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इस वजह से टू-व्हीलर ड्राइवर गाड़ी से कंट्रोल खो बैठा और टू-व्हीलर के साथ नीचे गिर गया। मृतक के सिर में गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक मुनेश्वर योगराज भोयर 5 महीने के बच्चे का पिता था और परिवार का कमाने वाला था। उसकी अचानक मौत से साधुटोला गांव में दुख का माहौल है।

# आज गोंदिया जिला महिला कांग्रेस कमेटी करेगी बड़ा विरोध प्रदर्शन..



जगप्रेरणा सालेकसा।

***नारी शक्ति वंदना बिल 2023 लोकसभा में पास होने के बावजूद, केंद्र की भाजप सरकार महिला आरक्षण लागू करने से बच रही है।***

'डी-लिमिटेशन' और 'जनगणना' के नाम पर महिलाओं को गुमराह करने और उन्हें न्याय से दूर रखने की कोशिश की जा रही हैअगर महिलाओं को असली सम्मान और अधिकार देने हैं, तो महिला आरक्षण बिना किसी शर्त के तुरंत लागू किया जाना चाहिए।

इस गलत और बिना दिशा वाली धोरण के विरोध में और ससंद में कांग्रेस पार्टी के मज़बूत स्टैंड को खंबीर भूमिका करने के लिए– गोंदिया डिस्ट्रिक्ट महिला कांग्रेस कमेटी ने एक बड़ा आंदोलन का आयोजन किया गया है। आंदोलन का तपशील तारीखः 28 अप्रैल 2026 मंगळवार, समयः 12:00बजे, जगहः जयस्तंभ चौक, गोंदिया शहर और जिला कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, किसान कांग्रेस, सेवा दल, साथ ही सभी फ्रंटल ऑर्गनाइज़ेशन के पदाधिकारी, पुराने/ पूर्व पदाधिकारी, ज़िला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, ग्राम पंचायत सदस्य, सेवा सहकारी संस्था के पदाधिकारी इस आंदोलन में बड़ी संख्या में और ज़रूरी तौर पर मौजूद रहें।

'महिलाओं को इंसाफ़ मिलना चाहिए। आरक्षण तुरंत लागू करो।' इस आंदोलन मे बडी संख्या मे उपस्थित रहने का आव्हान जिला महिला कॉंग्रेस अध्यक्षा वंदना राजु काळे ने किया है।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### खेत के नाले मे लगी पनडुब्बी मोटर चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/4/2026 के रात गोमाटोला मे फर्यादी दिपक तिलकदास कापसेकर उम्र 45 वर्ष ने अपने ससुर सुदोधन प्रेमलाल मेश्राम के खेत के बाजु के नाले पर 1.5 एच पी पनडुब्बी मोटरपंप किमत 9800 रुपये के लगाई थी। घटना के रात मे अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे दवनीवाडा मे अपराध क्रमांक 252/2026 धारा 303, 2, भा न्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा गुलाबदास तुरकर 1501 पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।

### बिजली विभाग मे घुसकर गालीगलौच और की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 26/4/2026 के 11 बजे के दरम्यान महावितरण कार्यालय मे फर्यादी दिनेश बारकु कुंभरे उम्र 39 वर्ष और मतदनीस दोनो ड्युटी कर रहे थे। उन्हे आरोपी अनिल घोडीचोर ने कंपलेंट नंबर पर फोन किया और कहा लाईट बंद है कब आयेगी, सहयोगी ने कहा काम चालू है थोडी देर मे आ जायेगी और फोन रख दिया। आरोपी ने थोडी देर बाद ऑफिस मे आकर कहा किसने फोन काटा तुम्हारी पुलिस मे शिकायत करता हु बोलकर मारपीट की और व्हिडियो बना रहा था। सरकारी ऑफीस मे आकर मारपीट करने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 445/2026 धारा 132,115, 2, 352 ,351,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा बावणे 1326 पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### अज्ञात वाहन के चपेट मे आने से मोटरसायकल चालक की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के देवरी पुलिस थाना अंतर्गत ॲक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 26/4/2026 के रात 8 बजे के दरम्यान धोबीसराड रोड पर मुनेश्वर योगराज भोयर उम्र 30 वर्ष निवासी चिचेवाडा रोज की तरह अपने सुजलाम कंपनी मे अपनी ड्यूटी कर मोटरसायकल से वापस घर आ रहा था। घटना के समय अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 एपी 8801 से आते समय धोबीसराड रोड पर अज्ञात वाहन चालक ने उसे टक्कर मारी गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। फर्यादी के दिये बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पोस्टे देवरी मे अपराध क्रमांक 170/2026 धारा 281,106,1, भान्यास 2023 सहकलम 184, 134, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोऊपनी मिलींद गेडाम पोस्टे देवरी कर रहे है।

### बेहोश हालत मे मिले युवक को डाक्टर ने जाँच कर किया मृत घोषित मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 25/4/2026 के सुबह 8 बजे राजेन्द्र हेमराज वाढई उम्र 37 वर्ष निवासी पोवारीटोला अपने घर से मजदूरी के काम पर गया शाम को वापस नही आया। परिवार ने इधर उधर पूछताछ की दूसरे दिन सुबह भतीजे ने फोन कर बताया की रेस्ट हाऊस के पास गिरा हुवा है, फर्यादी ने वहा जाकर देखा और उसे अस्पताल ले गया जहा डाक्टर ने जॉच कर मृत घोषित करने से दिये बयान पर पोस्टे आमगांव मे अकस्मात मौत क्रमांक 19/2026 धारा 194 भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोना निलेश भजने 1702 पोस्टे आमगांव कर रहे है।

# जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में अमन स्पोर्ट्स अकैडमी के 15 खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन..



जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***गोंदिया जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्ट्रेट ऑफिस के सामने, गोंदिया में रविवार, 26 अप्रैल को रोड रेस के रूप में किया गया।***

इस प्रतियोगिता में अमन स्पोर्ट्स अकैडमी, तिरोड़ा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 15 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में युगांश शहारे, राधे अग्रवाल, समृद्धि सहारे, अमोस बर्वे, रितेश ठोंबरे, विश्वजीत पाटील और राज लिल्हारे शामिल रहे। वहीं द्वितीय स्थान अंश बागड़े और हार्दिक कनोजे ने प्राप्त किया।

तृतीय स्थान विवेक कनोजे, कुलदीप पाटील, जान्हवी कनोजे, भुवन्यू बापचे, नुशांत तिडके और मानस नाईक ने हासिल किया। इन सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी अकैडमी और अभिभावकों का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का चयन मुंबई और पुणे में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

इस सफलता पर एस.डी.बी. विद्यालय के संस्थापक अनुप बोपचे, अमन स्पोर्ट्स अकैडमी के संस्थापक एवं तालुका क्रीड़ा संयोजक अमन नंदेश्वर, उड़ान स्पोर्ट्स अकैडमी के सचिव विकेश मेश्राम, स्केटिंग कोच अतुल बिनझाड़े सहित सभी अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गौ सम्मान आव्हान अभियान पर राष्ट्रपति जी के नाम ज्ञापन






जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***गौमाता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलान, गौ हत्या पर पुर्ण पाबंदी लगाने, गौ सेवा के लिये केंद्रीय कानुन बनाने, गोचर बोर्ड की स्थापना कराने, तालुका स्तर पर जखमी गौवंश के***

इलाज हेतु गौ एंबुलन्स तथा जिला स्तर पर एक गौशाला की स्थापना कराने जैसे अनेक विषयो को लेकर आज सम्पूर्ण देशभरे में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को निवेदन प्रस्तुत किया गया गया।

इस अभियान के तहत तिरोडा शहर के गजानन मंदिर मे पुजा अर्चना कर गौरक्षकों की संकिर्तन रैली तहसील कार्यालय पहुची और तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया, जिसमे विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, शिवनिति संगठन, गायत्री परिवार एवं विभिन्न संगठनों द्वारा गौ प्रेमी सैकडो की संख्या मे उपस्थित रहे।

इस अवसर पर गौ सम्मान अभियान के तालुका प्रमुख राजकुमार टेंभरे, विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री रमण सिंघल, बजरंग दल के जिला सहसंयोजक रुपेश मेश्राम, शिवनिति संगठन के अध्यक्ष विक्रम डोळस, विहिप के जिला समरसता प्रमुख मुन्ना लिल्हारे, विहीप के तालुका उपाध्यक्ष राजेंद्र रहांगडाले, तालुका मंत्री चंद्रप्रकाश कटरे, सहमंत्री पामेश टेंभरे, बजरंग दल तालुका सहसंयोजक मयुर रहांगडाले, गौरक्षा प्रमुख कैलास सोनेवाने, रोहीत कावळे, योगेंद्र पटले, गायत्री परिवार से अजय बोपचे, गायत्री दिदी, सुनिता गौतम, मनिष कुमार अग्रवाल, देवुलाल शरणागत एवं सैकडो गौभक्त बंधु, बहने उपस्थित थी।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए और गौ माताओं की रक्षा की जाए..

## गोंदिया मे विभिन्न संगठनो ने मिलकर एक साथ रैली निकालकर सौपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शहर में आज राष्ट्रीय अभियान के तहत विभिन्न जिलों के साथ गोंदिया शहर व जिले में भी अनेक हिन्दु संगठनों और अन्य संगठनों ने मिलकर एक राष्ट्रीय पहल करते हुए गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिये जाने तथा गौ माताओं की रक्षा संहित अनेक मांगों को लेकर रैली निकालकर प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।*

विभिन्न संगठनों में गोंदिया शहर के प्रमुख संगठनों में श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा, श्री गिरिराज गौ सेवा मित्र मंडल, श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी, श्री गायत्री परिवार, विश्व हिन्दु परिषद, बजरंग दल संहित अनेक संगठन आज 27 अप्रैल को सुबह 11 बजे शहर के अग्रसेन भवन में एकत्रित हुए, जहां से सभी संगठनों के सदस्य एक रैली के रुप में मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे, और यहां पर सभी ने एक साथ बड़े हुजुम के रुप में तहसीलदार श्री कामड़े को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

### बोले शंकरलाल अग्रवाल..

ज्ञापन सौंपने के दौरान मीडिया को बयान देते हुए श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा के अध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को संकल्प लेना होगा कि हम गौ माताओं को कटने नहीं देंगे। गौ माताओं की रक्षा के लिये हमारे देश में सख्त कानुन बनाया जाना चाहिये तथा गौ माताओं को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाना चाहिये।

### बोले सीताराम अग्रवाल..

श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी श्री सीताराम अग्रवाल ने कहा कि जिस तरह से भारत में निरंतर गौ माताओं का मांस खाया जा रहा है, तथा गौ माताओं को कत्लखाने में बेचा जा रहा है, उससे गौ माताओं को बचाने के लिये सरकार को गौ वंश के लालन पालन एवं उपचार के लिये किसानों और गौ शालाओं को अधिक से अधिक अनुदान देना चाहिये, जिससे कि गौ वंश को बचाया जा सके।

### बोले राजेश व्यास..

श्री कृष्ण गौरक्षण सभा के सचिव सीए राजेश व्यास ने कहा कि गौ माता सिर्फ एक पशु नहीं हमारी संस्कृति का बहुत बड़ा आधार है। गौ माता हमारे देश के विकास का भी एक मूलभुत आधार और साधन है। गौ माताओं को राष्ट्र माता का सम्मान देने के लिये यह गौ सम्मान यात्रा निकाली गई है, और हमारी राष्ट्र के नेताओं से निवेदन है कि गौ माताओं की रक्षा और सम्मान के लिये मांगों के अनुरुप उचित कदम उठाये जाने चाहिये।

### बोली सुषमा यदुवंशी..

ज्ञापन सौंपने के दौरान मीडिया का यह सवाल की एक तरफ गौ माताओं को राष्ट्रमाता का दर्जा दिये जाने की मांग की जाती है, वहीं गौ माताओं को पशुपालक लावारिस सड़कों पर छोड़ देते हैं, इस सवाल पर श्रीमती सुषमा यदुवंशी ने कहा कि निश्चित ही चौक चौराहों पर गौ माताओं को लावारिस छोड़ देने पर होने वाली घटना दुर्घटना के लिये पशुपालकों के लिये भी नियम कानुन बनाकर पशुपालकों के लिये सजा का प्रावधान किया जाना चाहिये।

### बोली श्रीमती रश्मि सोनी..

गोंदिया शहर की निवासी श्रीमती रश्मि राजेश सोनी ने कहा कि गौ माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है। गौ माताओं से प्राप्त होने वाला दुध, गौ माताओं के गोबर, गौमुत्र आदि सभी एक औषधी के रुप में मनुष्य को दीर्घायु प्रदान करते हैं, इसके बाद भी अगर कोई गौ माता की कोई हत्या करता है तो सीधे गोली मार दी जानी चाहिये।

### बोले डॉ. प्रशांत कटरे..

डॉ. प्रशांत कटरे ने कहा कि गौ माता से ही भारतीय संस्कृति और भारतीय नर नारीयों का अस्तित्व है। जिस तरह से गौ माताओं को कत्लखाने में काटा जा रहा है, यह हमारे मानव समाज के अस्तित्व पर खतरा है। डॉ. कटरे ने कहा कि सरकार को हर हाल में गौ माताओं को राष्ट्र माता का दर्जा देकर गौ माताओं के जीवन की रक्षा और सुरक्षा के लिये समीक्षा कर उचित प्रबंधन करना चाहिये।

### यह रहे उपस्थित..

गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रुप से श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा के अध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल, श्री सीताराम अग्रवाल, डॉ. प्रशांत कटरे, श्री राजेश व्यास, श्री देवेश मिश्रा, श्री छैलबिहारी अग्रवाल, श्री जय चौरसिया, श्री पंकज अग्रवाल, श्री जयंत अग्रवाल, अजय यादव, श्रीमती सुषमा यदुवंशी, श्रीमती रश्मि सोनी, हार्दिक जीवानी, विजय अग्रवाल आरटीआई, योगेश वर्मा, हेमंत हरीरामानी संहित सैकड़ों की संख्या में हिन्दु समाज के लोग शामिल थे।

# अटल आडवानी की भाजपा मोदी शाह के राज में कूड़ादान बनकर रह गई - छैलबिहारी अग्रवाल

## पूर्व भाजपा नेता ने भ्रष्ट नेताओं को भाजपा मे शामिल किये जाने पर जताया विरोध



जगप्रेरणा गोंदिया।

*राजनीति में यह आचरण कतई स्वीकार नहीं किया जाना चाहिये कि आप जिसे पहले भ्रष्ट और घोटालेबाज बताएं, बाद में उन्हीं को अपने साथ अपनी पार्टी में शामिल कर लें, और उनके आपकी पार्टी में शामिल होने के साथ ही सारे आरोप भी खत्म हो जाएं। भारत की राजनीति में ऐसा चरित्र और चित्रण भारतीय जनता*

पार्टी के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में हो रहा है, तथा ऐसा करके मोदी और शाह ने विचारधारा वाली भाजपा को कूड़ादान बनाकर रख दिया है, ऐसे आरोप महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के वरिष्ठ विदर्भवादी एवं पूर्व भाजपा नेता छैलबिहारी अग्रवाल ने लगाए हैं, तथा श्री अग्रवाल ने कहा कि अब पंजाब के 7 राज्यसभा सदस्यों को भाजपा में शामिल कराकर जिस तरह का कृत्य किया है, उसके बाद कहा जा सकता है कि भाजपा भारत को कांग्रेस मुक्त करने चली थी, लेकिन मोदी शाह के राज में भाजपा भ्रष्टाचार युक्त होकर रह गई है। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि सरकार बनाने के लिये और भाजपा को स्थापित करने के लिये जिस तरह से संविधान और लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया जा रहा है, उससे आने वाले वर्षों में भाजपा को भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। एक तरफ मोदी और शाह अंबानी अदानी के ऐजेंट की तरह काम करते प्रतीत होते हैं, तो दूसरी तरफ उनकी आयुष्मान भारत योजना, कृषि बीमा योजना, लाडली बहना योजना आदि तमाम योजनाएं भ्रष्टाचार की आधारशिला और देश को कमजोर और लाचार बनाने वाली योजनाएं प्रतीत होती है। श्री अग्रवाल ने कहा कि यदि मोदी और शाह ने बेरोजगारों को रोजगार, उद्योगों को सुविधाएं, निर्यात व्यवसाय को सुदृढ़ करने की ओर तथा खेती के व्यवसाय को लाभ का व्यापार बनाने की अपनी घोषणाओं को पूरा किया होता तो प्रलोभनकारी योजनाओं का सहारा नहीं लेना पड़ता, तथा ना दबाव की राजनीति करके भाजपा को सत्ताधीश बनने की जरुरत पड़ती, बल्कि भाजपा के साथ पूरा देश जुड़ जाता, लेकिन अफसोस मोदी और शाह की जोड़ी ने लोकतंत्र के विश्वास को कमजोर कर दिया है।

### सिर्फ गडकरी ने रखी है भाजपा की लाज.. बोले छैलबिहारी

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि भाजपा की सरकार के सारे केन्द्रिय मंत्रीयों में केवल एकमात्र केन्द्रिय सड़क परिवहन मंत्री नितीन गडकरी हैं, जिनके नेतृत्व में देश में सड़कों, पुल पुलियाओं का जो निर्माण हुआ है, उसके कारण भाजपा शासन में विकास के नाम पर दिखाने के लिये कुछ है, अन्यथा भाजपा के अन्य मंत्रीयों में कोई भी ऐसे मंत्री नहीं हुए, जिनके कामों की देश में कहीं कोई चर्चा होती दिखाई देती है। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि भाजपा को जिस गर्त में लेकर मोदी और शाह चले जा रहे हैं, उससे अटल आडवानी की लगाई फसल बर्बाद होती दिखाई दे रही है, जिसकी वास्तविक चिंता अब भाजपा के जुझारु एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जरुर करना चाहिये और भाजपा के अंदर ही मोदी शाह की नीतियों का विरोध शुरु किया जाना चाहिये।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोंस की जांच
■ हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

- सूचना -
यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।

# प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल में कक्षा 10 वी (सी.ब.एस.ई) परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान






जगप्रेरणा गोंदिया।

*श्रीमती उमादेवी बहुउद्देशिय शिक्षण संस्था, गोंदिया द्वारा संचालित प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल सेंट्रल बोर्ड ऑफसेंकेडरी एज्यूकेशन (सी.बी.एस.ई), नई दिल्ली द्वारा शैक्षणिक*

वर्ष 2025-26 कक्षा 10 वी के परिक्षा में सफल विद्यार्थियों के सत्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दिप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथी संस्था अध्यक्ष डॉ. पंकज कटकवार, उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का पंकज कटकवार संस्था सचिव डॉ. नीरज कटकवार, श्रीमती लीना एन. कटकवार प्राचार्या मिनाक्षी महापात्रा, ओ.टी. रहांगडाले, वाय. आशा राव, विकास पटले की उपस्थिती में किया गया। कु. संस्कृति मुकेश मिश्रा 93.40 % के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान पर कु. विधी सतीश अग्रवाल 92.00 % अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा मा. भाविक इश्वर ढेकवार ने 91.80 % अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही मा. तेजस दीपक कुमार टेढा ने 91.60 %, मा. सारंग गोविंदराव पटले ने 91.60 %, मा. सौरभ गणराज ठाकरे ने 91.20%, कु. लिना भुमेश्वर राणे ने 90.80%, मा. टिकेश्वर डोडेश्वर येल्हे ने 90.60%, कु. वंशिका गिरिश शेंद्रे ने 89.60%,. आर्या रतन लिल्हारे 89.20%, कु. हर्शिता सुमेद चंद्रिकापूरे ने 89.20%, मा. स्वरित श्रीवास्तव ने 88.60%, कु. पार्शवी राजकुमार बोपचे ने 88.60%, कु. गार्गी हुमेश बिसेन ने 88.40%, कु. यशस्वी उमेद हरिणखेडे ने 88.40%, मा. रौनक बिश्वेश्वर पारधी ने 87.80%, कु. ईशा तेजराम गायधने ने 86.80%, कु. प्रेरणा हिवराज टेकाम ने 86.8%, मा. स्वास्तिक जोहनलाल पुंगडे ने 86.20%, कु. पाखी अरविंद कुमार गडपायले ने 84.80%, मा. आदित्य अनिल नायडू ने 84.60%, मा. राघव संदीप नागपूरे ने 83.6%, कु. खुशी शुभाष मेले ने 83.60%, मा. तेजस प्रविण राऊत ने 83.00%, मा. हर्षल संजीवकुमार चौधरी ने 82.00%, कु. वीणा दीपक गौतम ने 82.00%, मा. खुशाल अशोक मडावी ने 80.40 %, कु. लाची ब्रम्हानंद मडावी ने 79.20%, कु. नंदिणी रमेश शहारे ने 78.80%, कु. लावण्या गुलाब पंधरे ने 78.20%, मा. जयेश प्रशांत बोरकर ने 77.80%, कु. प्राची हिरालाल फरदे ने 77.40%, कु. विधी ईश्वरदास उके ने 77.40%, मा. आदित्य देवेंद्रकुमार रहांगडाले ने 77.20 %, कु. रिया आनंद बावनथडे ने 76.20%, कु. पारुल विजयकुमार मुनेश्वर ने 76.00%, कु. यामिनी अरविंद मडावी ने 76.00%, मा. रजनीश कुमार सिंग ने 75.00%, मा. दक्ष पंकज मिश्रा ने 75.00%, मा. युवराज लिखिराम सिंदराम ने 74.60%, कु. रिया छगनलाल सलाम ने 73.40%, मा. आदित्य घनश्याम मरस्कोल्हे ने 73.00%, कु. महेक सुखदेव उईके ने 72.80%, कु. येजश्विनी मनोहर नाइक ने 69.60% अंक प्राप्त किये, जिस पर सभी सफल विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सुनिल कटरे, एम. जी. पटले, रविकांता पारधी, रानी खान, नुतन पारधी, दिव्या तुरकर, सिंधू खांडेकर, आयुशी मेश्राम, इंदल लिल्हारे आदि शिक्षकों द्वारा अथक प्रयास किया गया एवं परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी गई।

# विदर्भ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की बैठक में शामिल हुई गोंदिया समाज की महिलाएं..




जगप्रेरणा गोंदिया।

*दिनांक 25 अप्रैल 2026 को नागपुर जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा आयोजित तथा नगर माहेश्वरी महिला संगठन नागपुर के आतिथ्य में वनापाती हॉल में बैठक संपन्न हुई, जिसमें भगवान महेश के पूजन के साथ ही कार्यक्रम का*

शुभारंभ किया गया। इस बैठक में विदर्भ के 11 जिलों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में पूर्व पदाधिकारीयों का उनके कार्यों के लिए सम्मान किया गया, जिसमें गोंदिया जिले से श्रीमती सुनीता मल्ल, श्रीमती वीना फाफट और श्रीमती संगीता टावरी का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में महेश वंदना, नाटिका, नृत्य की प्रस्तुति भी की गयी। गोंदिया जिले से भी एक नाटक 'छूना है आसमान' की प्रस्तुत की गई। समाज को दिशा देने वाले नाटक में श्रीमती रचना पनपालिया, श्रीमती मंगला साबू, श्रीमती ज्योति भांगाडिया, श्रीमती उमा राठी ने भाग लिया। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की। चारों को पुरस्कार प्रदान किये गए।

नवनिर्वाचित विदर्भ स्तरीय कार्यकारिणी में गोंदिया जिले से श्रीमती सुनीता मल्ल को उपाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। इसी प्रकार नव निर्वाचित गोंदिया जिला अध्यक्ष श्रीमती दीपा मूंदड़ा, सचिव श्रीमती शालिनी मूंदड़ा का राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती ज्योति राठी, संयुक्त मंत्री श्रीमती भारती राठी, श्रीमती सुषमा बंग और श्रीमती नीलिमा मंत्री के हाथों सम्मान हुआ।

सभी सदस्यों ने नई को शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में सभी जिले से पधारी बहनों की उपस्थिति सराहनीय रही, तथा कार्यक्रम सफलतम रहा। कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती ज्योती राठी ने तालुका, जिला, विदर्भ स्तर पर किस प्रकार कार्य करना है, इसकी जानकारी प्रदान कर मार्गदर्शन किया। उक्त जानकारी गोंदिया जिला माहेश्वरी संगठन के सचिव रवि मूंदड़ा ने दी।

# गोंदिया पुलिस की बड़ी सफलताः 4.29 लाख के गहनों के साथ शातिर चोर गिरफ्तार..



ज्रगप्रेरणा गोंदिया। जिले की नवेगांवबांध पुलिस और स्थानीय अपराध शाखा ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से कुल 4,29,525 रुपये मूल्य के सोने के जेवरात और अन्य सामान बरामद किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने केवल नवेगांवबांध ही नहीं, बल्कि डुग्गीपार और अर्जुनी मोरगांव थाना क्षेत्रों में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने विभिन्न स्थानों से चोरी किए गए माल का विवरण देते हुए बताया कि आरोपी ने नवेगांवबांध क्षेत्र में 1,84,000 रुपये का माल, अर्जुनी मोर क्षेत्र में 1,53,525 रुपये का माल तथा डुग्गीपार क्षेत्र में 92,000 रुपये का माल चोरी किया था। आरोपी से कुल 4,29,525 रुपये के माल की बरामदगी की गई है। पुलिस ने बताया कि पिछले साल 1 अक्टूबर को नवेगांवबांध निवासी विश्वनाथ डोंगरवार के घर से 51 हजार रुपये के जेवरात चोरी हुए थे। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर के नेतृत्व में एलसीबी की टीम को गुप्त सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने सुरेश नामदेव कामरे (60), निवासी यवतमाल को गडचिरोली जिले के आरमोरी इलाके से धर दबोचा। जानकारी के अनुसार आरोपी ने चोरी के गहने वैरागड स्थित एक ज्वेलर को बेचे थे। पुलिस ने जांच के दौरान उक्त ज्वेलर से पिघला हुआ सोना (लगड़ी के रूप में) बरामद कर लिया है। यह संपूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे और अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा की टीम द्वारा की गई। आरोपी को आगे की कार्यवाही के लिए नवेगांवबांध पुलिस को सौंप दिया गया है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com